# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXVIII

संस्करण : अक्तूबर–दिसंबर 2025

एनएचपीसी NHPC एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work. Certified FEB 2025–FEB 2026 INDIA



## निगम मुख्यालय

# एनएचपीसी ने अपना 51वां स्थापना दिवस मनाया




**एनएचपीसी के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 7 नवंबर 2025 को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री महोदय का स्वागत करते श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी साथ में उपस्थित हैं श्री सचिन किशोर, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, हरियाणा सर्कल**

भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी ने 7 नवंबर 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद और अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में एनएचपीसी के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में एनएचपीसी के ऊपर इंडिया पोस्ट, भारत सरकार द्वारा जारी "कस्टमाइज्ड माई स्टाम्प" का अनावरण मुख्य अतिथि श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री महोदय द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी की 50 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाती "अचीवमेंट बुक" का विमोचन भी मुख्य अतिथि महोदय द्वारा किया गया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री महोदय, विशिष्ट अतिथि श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार, श्री सचिन किशोर, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, हरियाणा सर्कल का श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने पौधा और शॉल भेंट कर स्वागत किया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री महोदय, श्री सचिन किशोर, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, इंडिया पोस्ट, हरियाणा सर्कल, श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

इस समारोह में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली पीएसयू के सीएमडी, निदेशकगण तथा केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों/विभागों तथा एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एनएचपीसी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर एनएचपीसी के ऊपर इंडिया पोस्ट, भारत सरकार द्वारा जारी "कस्टमाइज्ड माई स्टाम्प" मेंएनएचपीसी के 12 प्रतिष्ठित बाँध/बैराज को प्रदर्शित किया गया है, जो इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के अद्भुत उदाहरण हैं और राष्ट्र के लिए जलविद्युत दोहन में एनएचपीसी की विशेषज्ञता का प्रमाण हैं। एनएचपीसी की 50 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाती "अचीवमेंट बुक" में, वर्ष 1975 में एनएचपीसी की स्थापना से लेकर अभी तक के एनएचपीसी के समृद्ध इतिहास, उल्लेखनीय उपलब्धियों, तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के प्रति पाँच दशकों की प्रतिबद्धता को आकर्षक चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है।

समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मुख्य अतिथि महोदय नेएनएचपीसी के 51वें स्थापना दिवस तथा एनएचपीसी द्वारा 50 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पूरी करने की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी तथा कहा कि एनएचपीसी देश की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। एनएचपीसी ने अपने 50 वर्षों के सुनहरे सफर में जलविद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में जो अद्भुत योगदान दिया है, वह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत को 2070 तक नेट जीरो एमीशन का लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया है, और देश भर में इस लक्ष्य की प्राप्ति में एनएचपीसी की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए एनएचपीसी को अपनी ऊर्जा उत्पादन प्रक्रिया में नवीकरणीय ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना होगा और तकनीकी नवाचार को अपनाना होगा। इसके साथ ही माननीय मंत्री जी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि एनएचपीसी आने वाले समय में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में और भी कई आयाम जोड़ेगी और भारत को विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी।

इस अवसर पर श्री श्रीपाद नाईक, माननीय विद्युत, नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री महोदय का विडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। अपने विडियो संदेश में उन्होंने एनएचपीसी के 50 वर्ष पूर्ण होने और 51वें स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर एनएचपीसी परिवार के सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि पचास वर्षों की यह यात्रा केवल समय का आँकड़ा नहीं है, बल्कि समर्पण और उत्कृष्टता की प्रेरणादायक कहानी है। 1975 में एक प्रयास के रूप में आरंभ हुई एनएचपीसी आज भारत की अग्रणी जलविद्युत एवं हरित ऊर्जा कंपनी के रूप में स्थापित है। यह उपलब्धि एनएचपीसी की विशेषज्ञता, निष्ठा और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का परिचायक है।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने सभी को एनएचपीसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी तथा कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व और आनंद का क्षण है। उन्होंने आगे कहा कि हाइड्रोपावर के क्षेत्र में एनएचपीसी को भारत सरकार ने बड़ी जिम्मेदारियाँ दे रखीं हैं। एनएचपीसी इन जिम्मेदारियों को अपने हाइड्रोपावर एक्सिलेन्स से अवश्य पूरा करेगी और विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इसी क्रम में समारोह को संबोधित करते हुए श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने सभी कार्मिकों को एनएचपीसी के 51वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री जी के प्रति उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को दिए जाने मार्गदर्शन तथा निगम के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोग देने के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गर्व, आत्मचिंतन और प्रेरणा का दिन है। एनएचपीसी एक ऐसा संगठन है जिसने पिछले पचास स्वर्णिम वर्षों में न केवल भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति के प्रवाह को निरंतर गति दी है। इस अवसर पर उन्होंने एनएचपीसी की 50 वर्षों की यात्रा में एनएचपीसी से जुड़े सभी हितधारकों का भी धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से एनएचपीसी आज इस ऊँचाई पर पहुँची है।

समारोह में विख्यात गायक व संगीतकार श्री आनंद राज आनंद तथा प्रसिद्ध हास्य कलाकार श्री संकेत भोसले ने क्रमशः अपनी संगीतमय एवं हास्य प्रस्तुति दी।

इससे पूर्व पूर्वान्ह में निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक अवार्ड और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने एनएचपीसी के झंडे को फहराकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक व श्रीमती शिखा गुप्ता के साथ श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) व श्रीमती मोना लाल, श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) व श्रीमती गरिमा सिंह,श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) व श्रीमती सोमा अधिकारी, श्री महेश शर्मा, निदेशक (वित्त) वश्रीमती रिंकू शर्मा तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्र गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन्दे मातरम गीत भी गाया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में राष्ट्र गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री महोदय के भाषण को भी वेबलिंक के माध्यम से अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, निदेशकगण सहित बड़ी संख्या में उपस्थित एनएचपीसी कार्मिकों द्वारा सुना गया।

इस कार्यक्रम के दौरान, 'एनएचपीसी पुरस्कार योजना 2024–25' के विजेताओं, जैसे सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन, सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजना, अनुकरणीय प्रतिबद्धता, एनएचपीसी स्टार और कक्षा 10वीं व 12वीं के स्टार छात्रों आदि को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, निदेशक मंडल के साथ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा विभिन्न विभागीय प्रकाशनों का भी विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एनएचपीसी कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

# 51वें एनएचपीसी स्थापना दिवस एवं स्वर्ण जयंती समारोह की झलकियाँ
























# मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने एनएचपीसी लिमिटेड की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में स्मारक सिक्का जारी किया

श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री जी ने 6 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में एनएचपीसी के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 50 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी भी उपस्थित थे। विद्युत मंत्रालय के अधीन भारत की अग्रणी जलविद्युत नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड, 7 नवंबर 2025 को अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिन्हित कर रही है।

इस अवसर पर एनएचपीसी लिमिटेड को बधाई देते हुए, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवास और शहरी कार्य मंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्मारक सिक्का जारी करना एनएचपीसी की स्थायी विरासत और भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में इसके रणनीतिक योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह स्मारक सिक्का एनएचपीसी की राष्ट्र के प्रति नवाचार और सेवा की इसकी उल्लेखनीय यात्रा का सम्मान करता है।

इसके साथ ही माननीय मंत्री जी ने 'छोटा भीम और बड़ा बांध' नामक एनएचपीसी की एक विशेष कॉमिक बुक का भी विमोचन किया, जो 'छोटा भीम' और उसके सहायक पात्रों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य आकर्षक कहानी और जीवंत चित्रों के माध्यम से बच्चों और आम जनता तक जलविद्युत के महत्व और लाभों का संदेश पहुँचाना है।







**श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री जी नई दिल्ली में एनएचपीसी की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 50 रुपये का स्मारक सिक्का तथा एनएचपीसी की कॉमिक बुक 'छोटा भीम और बड़ा बांध' जारी करते हुए। साथ में हैं श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी।**




इस ऐतिहासिक अवसर पर श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसीने माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री जी के प्रति उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विद्युत मंत्रालय के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी की स्वर्ण जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी किया गया ₹50 का स्मारक सिक्का, एनएचपीसी की शानदार यात्रा और राष्ट्र की ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में इसके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति एक सम्मान है। यह ऐतिहासिक पहल न केवल एनएचपीसी की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करती है, बल्कि आने वाले वर्षों में निरंतर उत्कृष्टता के लिए प्रेरणा का एक स्थायी स्रोत भी है।

पिछले पाँच दशकों में, एनएचपीसी ने कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में ऐतिहासिक जलविद्युत परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया है। साथ ही सौर, पवन और हरित हाइड्रोजन ऊर्जा में भी विविधता लाते हुए, 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया है। अपने 30 पावर स्टेशनों से 8333 मेगावाट की संस्थापित क्षमता और 9704 मेगावाट की निर्माणाधीन क्षमता वाली 14 परियोजनाओं के साथ, एनएचपीसी भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा की ओर देश के एनर्जी ट्रांजिशन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# एनएचपीसी द्वारा भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना- 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की पहली यूनिट (250 मेगावाट की यूनिट सं. 2) के वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा

भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन 'एक नवरत्न' उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड ने अरुणाचल प्रदेश/असम सीमा पर स्थित 2000 मेगावाट (8 x 250 मेगावाट) सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की पहली यूनिट (250 मेगावाट की यूनिट सं. 2) के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि (सीओडी) घोषित की है। भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना को चालू करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, 23 दिसंबर, 2025 को इस यूनिट का वाणिज्यिक प्रचालन सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में पूर्वोत्तर भारत के विकास में सहायता व राष्ट्रीय ग्रिड को सुदृढ़ता प्रदान करेगी और भारत के महत्वाकांक्षी नेट जीरो लक्ष्यों को आगे बढ़ाएगी।

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), श्री मो. अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) के साथ श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) और श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



**2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की प्रथम इकाई (250 मेगावाट, इकाई संख्या–2) के वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा के अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल। इस अवसर पर सचिव (विद्युत) श्री पंकज अग्रवाल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) श्री मोहम्मद अफजल, एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल, निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार शर्मा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार उपस्थित थे।**

माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल ने 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअल मोड के माध्यम से 2000 मेगावाट (8 x 250 मेगावाट) सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट–2 (250 मेगावाट) के वाणिज्यिक प्रचालन का शुभारंभ किया, जो परियोजना की प्रगति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। माननीय मंत्री महोदय ने एनएचपीसी की विकास यात्रा में अर्जित इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस यूनिट का चालू होना 'न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का प्रमाण है।' उन्होंने प्रमुखता से कहा कि सुबनसिरी परियोजना स्वच्छ और संधारणीय ऊर्जा के लिए

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) महोदय ने एनएचपीसी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सुबनसिरी लोअर परियोजना से पूर्वोत्तर में ऊर्जा आपूर्ति में काफी सुधार होगा और यह परियोजना अत्याधुनिक, संधारणीय ऊर्जा प्रणालियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य करेगी। श्री अग्रवाल ने शेष यूनिटों को समय पर चालू करने पर बल देते हुए कहा कि सुबनसिरी परियोजना स्थानीय समुदायों के लिए पर्याप्त सामाजिक–आर्थिक लाभ प्रदान करने के साथ नेट जीरो ऊर्जा भविष्य के लिए भारत की इनर्जी ट्रांजिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने इस उपलब्धि को संभव बनाने में विद्युत मंत्रालय, अरुणाचल प्रदेश और असम की राज्य सरकारों, पूर्व एनएचपीसी नेतृत्व, सुबनसिरी परियोजना की पूरी टीम, सभी प्रमुख हित धारकों और भागीदारों के प्रति उनके समर्पित सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय ग्रिड को सुदृढ़ करने वपूर्वोत्तर के सतत विकास में सहयोग प्रदान करेगी और विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विश्वसनीय नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करेगी। श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक एवं सुबनसिरी लोअर परियोजना प्रमुख ने कहा कि परियोजना टीम निर्धारित समय–सीमा के भीतर परियोजना की शेष इकाइयों के सफल कमीशनिंग हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है।

यूनिट रु 2 के चालू होने के साथ, परियोजना शीघ्र ही 250 मेगावाट की 3 और यूनिटों को चालू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, तत्पश्चात  वर्ष 2026–27 के दौरान शेष चार यूनिटों को चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाएगा। पूरी परियोजना चालू होने पर, 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए राष्ट्रीय ग्रिड में लचीलेपन को बढ़ाएगी और बड़े स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा योगदान में एक नए युग में प्रवेश करेगी।

भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के रूप में, सुबनसिरी लोअर परियोजना में 250 मेगावाट की 8 इकाईयाँ हैं और आठ हेड रेस टनलों (एचआरटी) के माध्यम से पानी को डायवर्ट करते हुए इसे छोटे पोंडेज के साथ रन–ऑफ–द–रिवर स्कीम के रूप में डिजाइन किया गया है। यह परियोजना भारत के हरित ऊर्जा भविष्य के लिए वार्षिक 7,422 मिलियन यूनिट (एमयू) नवीकरणीय विद्युत उत्पन्न करेगी। इस परियोजना में 116 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध है, जो पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा बाँध है। यह बाँध न केवल क्षेत्रीय अवसंरचना और ग्रिड लचीलेपन को सुदृढ़ करता है, बल्कि सुबनसिरी नदी बेसिन में बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन में भी सहायक है।

सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और दृढ़ संकल्प का एक शानदार प्रतिमान है, जिसमें भारत के सबसे भारी हाइड्रो जनरेटर रोटर, सबसे बड़े स्टेटर और सबसे बड़े मुख्य इनलेट वाल्व लगाए गए हैं।इस परियोजना में देश के सबसे बड़े एग्रीगेट प्रोसेसिंग प्लांटों, उच्चतम क्षमता वाले बैचिंग प्लांट और भारत में बाँध कंक्रीटिंग के लिए पहली बार उपयोग किए गए रोटेक टॉवर बेल्ट सहित अग्रणी निर्माण नवाचारों को भी शामिल किया गया है, जो बड़े पैमाने पर जलविद्युत विकास में तकनीकी प्रगति के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना, सुबनसिरी नदी पर कैस्केडेड बांधों की श्रृंखला में पहली परियोजना है तथा यह बाढ़ नियंत्रण एवं प्रवाह संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह परियोजना मानसून के दौरान सुरक्षित प्रबंधन के लिए समर्पित 442 मिलियन क्यूबिक मीटर बाढ़ कुशन प्रदान करती है। पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) पर 1,365 मिलियन क्यूबिक मीटर के सकल जलाशय भंडारण के साथ, परियोजना यह सुनिश्चित करती है कि बाढ़ की अवधि के दौरान लगभग एक तिहाई जलाशय खाली रहे, जिससे यह अतिरिक्त बाढ़ के पानी को एकत्रित करने और डाउनस्ट्रीम में निवास कर रहे समुदायों की रक्षा करने में सक्षम हो सके।

एनएचपीसी ने सुबनसिरी नदी के किनारे विस्तृत नदी तट संरक्षण और कटाव नियंत्रण उपायों को लागू किया है, जिसमें डाउनस्ट्रीम में 30 किमी तक संरक्षण कार्यों को पूरा किया है और लगभग 522 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इस कार्य को 60 किमी तक आगे किया जाना है। इन उपायों ने नदी तटों को पांच साल से अधिक समय के लिए प्रभावी ढंग से स्थायीकृत कर दिया है।इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी आईआरएमए के साथ मिलकर डाउनस्ट्रीम में निवास कर रहे समुदायों के विकास के लिए सुअर पालन, रेशम उत्पादन और हथकरघा आदि आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी सहायता कर रही है। ये विकासात्मक पहलें, अब चालू हैं, लगभग 5,000 महिला किसानों को लाभान्वित करती हैं और क्षेत्र में संधारणीय सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देती हैं।

पूरे भारत में 16 लाभार्थी राज्यों को विद्युत आपूर्ति के अतिरिक्त, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना अरुणाचल प्रदेश और असम को निःशुल्क विद्युत आवंटन प्रदान करेगी, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र को परियोजना से 1,000 मेगावाट विद्युत प्राप्त होगी,जो क्षेत्रीय ऊर्जा उपलब्धता को काफी सुदृढ़ करेगी।

परियोजना के निर्माण चरण के दौरान प्रतिदिन लगभग 7,000 स्थानीय लोगों को नियोजित करके और संविदाकारों, सेवा प्रदाताओं और स्थानीय बाजारों के माध्यम से कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का निर्माण हुआ है जिससे क्षेत्रीय स्तर पर सुदृढ़ सामाजिक–आर्थिक लाभ हुए हैं। परियोजना के चालू होने और विद्युत की निरंतर उपलब्धता के साथ, नए लघु उद्योगों के शुरू होने की उम्मीद है, जिससे आप्रवासन को कम करने में मदद करते हुए रोजगार और व्यावसायिक अवसरों का विस्तार होगा। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलने और रिवर नेविगेशन में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे दीर्घकालिक क्षेत्रीय विकास और समृद्धि में योगदान मिलेगा।

एनएचपीसी ने अरुणाचल प्रदेश और असम में सीएसआर पहलों में लगभग 155 करोड़ रुपए का निवेश किया है। प्रमुख कार्यों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत 3,129 शौचालयों का निर्माण, डोलुंगमुख में 250 छात्रों के लिए विवेकानंद केंद्र विद्यालय की स्थापना, 1,841 स्थानों पर सुरक्षित पेयजल सुविधाएं प्रदान करना और 9 स्थानों पर स्वच्छ आरओ पानी प्रदान करना और सामुदायिक हॉल, मीटिंग हॉल, कॉजवे और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति योजनाओं जैसी कई ग्रामीण विकास परियोजनाओं को निष्पादित किया गया है।

पिछले पांच दशकों में, एनएचपीसी ने कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में जलविद्युत परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है। एनएचपीसी 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करते हुए सौर, पवन और हरित हाइड्रोजन में विविधिकरण किया है। प्रचालनरत 30 पावर स्टेशनों से 8333 मेगावाट की संस्थापित क्षमता और वर्तमान में निर्माणाधीन 9704 मेगावाट की 14 परियोजनाओं के साथ, एनएचपीसी भारत के स्वच्छ ऊर्जा ट्रांजिशन को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# एनएचपीसी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, भारत की माननीय राष्ट्रपति राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पुरस्कार समारोह साथ में हैं मास्टर स्टैंजिन चोसयांग्स, ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल, शेय, लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) के कक्षा दसवीं के छात्र को श्रेणी "बी" में ऊर्जा संरक्षण पर उत्कृष्ट चित्रकला के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान करते हुए। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक, भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक श्री धीरज कुमार श्रीवास्तव।**

भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर श्रेणी "बी" के अंतर्गत उत्कृष्ट चित्रकला के लिए मास्टर स्टैंजिन चोसयांग्स को जो कि ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल, शेय, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कक्षा दसवीं के छात्र हैं, को ₹50,000 का द्वितीय पुरस्कार, रजत पदक तथा एक लैपटॉप प्रदान किया। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रीय स्तर की ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता 2025 में प्रदर्शित उनकी रचनात्मकता, प्रतिभा एवं जागरूकता के लिए प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पुरस्कार समारोह का आयोजन 14.12.2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया, जिसमें माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक, भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक श्री धीरज कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने विजेताओं को ऊर्जा संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने में उनकी असाधारण प्रतिभा एवं कलात्मक कौशल के लिए बधाई देते हुए कहा कि एनएचपीसी ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने वाली युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर गर्व महसूस करता है तथा भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तत्वावधान में संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान का सक्रिय भागीदार बना रहेगा।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण जन–जागरूकता अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए एनएचपीसी को अरुणाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, सिक्किम, लद्दाख एवं मध्य प्रदेश में विद्यालय एवं राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण चित्रकला प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एनएचपीसी ने इन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में विद्यालय एवं राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 के अवसर पर एकता की शपथ एवं 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन



श्री मनोहर लाल, माननीय केन्द्रीय मंत्री, विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, इंडिया गेट, नई दिल्ली में दिनांक 31.10.2025 को आयोजित शपथ समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्री तोखन साहू, माननीय राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एनएचपीसी की ओर से श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसीय निदेशकगण तथा बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में ही एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकता शपथ समारोह से हुई, जिसमें श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम के उपरांत, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय के साथ निदेशकगण तथा एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) तथा श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) सहित बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।




# एनएचपीसी ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 में भाग लिया



श्री श्रीपाद नाईक, माननीय राज्य मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरण ीय ऊर्जा) ने 14.11.2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 के दौरान पावर पवेलियन का उद्घाटन किया। एनएचपीसी भी विद्युत मंत्रालय की अन्य घटक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के साथ पवेलियन में भाग लेकर अपनी प्रमुख परियोजनाओं,सततता पहलों तथा देश की ऊर्जा सुरक्षा में अपने योगदान को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर श्री पियूष सिंह, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालयय श्री मोहद. अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय एवं भाग लेने वाले पावर पीएसयू/संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने माननीय मंत्री महोदय को एनएचपीसी की चल रही पहलों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। एकीकृत पावर पवेलियन विद्युत क्षेत्र में प्रमुख पहलों, नवाचारों और उपलब्धियों को रेखांकित करता है, जिससे आगंतुकों को भारत के विकसित होते ऊर्जा परिदृश्य की एक समग्र झलक मिलती है।



# एनएचपीसी ने 300 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजना, बीकानेर का सफलतापूर्वक वाणिज्यिक संचालन प्रारंभ किया

एनएचपीसी ने राजस्थान के बीकानेर जिले के करनिसार, भाटियान में स्थित अपनी 300 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजना की पूर्ण क्षमता का 16 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक वाणिज्यिक संचालन प्रारंभ किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए संपूर्ण एनएचपीसी टीम को बधाई दी। उन्होंने सभी परियोजना टीमों से एनएचपीसी की आगामी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु स्वयं को पुनः समर्पित करने का आह्वान किया, ताकि भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह ने परियोजना में पदस्थापित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण मौसम परिस्थितियों के बावजूद असाधारण समर्पण के साथ कार्य किया। यह परियोजना एनएचपीसी की अब तक चालू की गई सौर विद्युत परियोजनाओं में सबसे बड़ी है तथा 100 प्रतिशत स्वदेशी रूप से निर्मित सोलर पीवी मॉड्यूल के उपयोग के माध्यम से 'मेक इन इंडिया' विजन को साकार किया है।



# एनएचपीसी के 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की यूनिट-I (250 मेगावाट) का वेट कमीशनिंग का प्रारंभ हुआ

एनएचपीसी के 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की यूनिट–1 (250 मेगावाट) का वेट कमीशनिंग 24.10.2025 को मशीन के सफलतापूर्वक मेकेनिकल रन के साथ प्रारंभ हुआ, जो देश की सबसे बड़ी हाइड्रोपावर परियोजना की पहली यूनिट के कमीशनिंग की शुरुआत को दर्शाता है। एनएचपीसी की अब तक की सबसे बड़ी यूनिट क्षमता के तौर पर, यह उपलब्धि इंजीनियरिंग की महारत, टीम वर्क और एक हरित भविष्य को पावर देने के साझा दृष्टि का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक अवसर पर श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी के साथ श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), श्री उदय सखाराम निर्गुडकर, स्वतंत्र निदेशक, श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा श्री राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख के साथ एनएचपीसी निगम मुख्यालय और परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों भी इस अवसर उपस्थित थे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने इस अवसर पर भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, अरुणाचल प्रदेश और असम सरकारों, एनएचपीसी के पूर्व नेतृत्व, सुबनसिरी टीम, कार्यान्वयन एजेंसियों और सभी हितधारकों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने इस उपलब्धि को एनएचपीसी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, दृढ़ संकल्प और वैश्विक स्तर की परियोजनाओं में भारत की बढ़ती ताकत का गौरवपूर्ण प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक परियोजना की मील का पत्थर नहीं, बल्कि भारत के स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की अडिग यात्रा का प्रतीक है। हम सभी प्रकृति, नवाचार और राष्ट्रीय गौरव की शक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं। यूनिट–1 के सफल वेट कमीशनिंग के साथ ही राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइजेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, और इसके बाद जल्द ही तीन और 250 मेगावाट यूनिट्स आएंगी – जो इस साल 1000 मेगावाट और जोड़ेंगी। पूरा होने पर, सुबनसिरी लोअर परियोजना (8 x 250 मेगावाट) भारत का सबसे बड़ा हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर हाउस होगा, जो लाखों घरों को रोशन करेगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा और सतत् विकास को आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सुबनसिरी टीम के प्रयासों की सराहना की। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) ने परियोजना टीम की प्रतिबद्धता और तकनीकी उत्कृष्टता की प्रशंसा की। श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) ने शेष यूनिट्स के समय पर कमीशनिंग के लिए इसी उत्साह को बनाए रखने का आह्वान किया।



श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) ने कहा कि यह मील का पत्थर सीओडी प्रक्रिया की सफल शुरुआत के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। श्री उदय सखाराम निर्गुडकर स्वतंत्र निदेशक ने इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के नवीकरणीय ऊर्जा परिदृश्य के लिए निर्णायक क्षण बताया। श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने एनएचपीसीकी इस उपलब्धि का साक्षी बनने पर गर्व व्यक्त किया। टीम सुबनसिरी की अथक मेहनत की अभिस्वीकृति करते हुए, श्री राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक एवं एचओपी ने निगम मुख्यालय की टीमों, साझेदारों और सहयोगियों जैसे मेसर्स बीजीएस–एसजीएस–एसओएमए, मेसर्स टीआरईएल, मेसर्स पटेल इंजीनियरिंग और मेसर्स जीई वेरनोवा का आभार व्यक्त किया, जिनकी अडिग विश्वास ने इस मील के पत्थर को संभव बनाया।

## एनएचपीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, फरीदाबाद में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का उद्घाटन



एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता ने 06.10.2025 को एनएचपीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, फरीदाबाद में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) तथा हरियाणा पुलिस, फरीदाबाद के एसीपी (साइबर अपराध) श्री अशोक कुमार भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि एनएचपीसी की विभिन्न लोकेशनों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। फरीदाबाद साइबर अपराध सेल द्वारा एनएचपीसी कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएचपीसी कर्मचारियों के लिए विकसित 'साइबर सेफ एआई चैटबॉट' का शुभारंभ भी किया। उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने तथा एनएचपीसी के साइबर सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में संगठन के सतत प्रयासों की सराहना की।

## एनएचपीसी निगम मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया




एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 26.11.2025 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कराया। इस दौरान, निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल, निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार शर्मा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार भी उपस्थिति थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला - प्रेरणा के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी की उपस्थिति में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला–प्रेरणा के तहत "मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शुभ्रता प्रकाश, आयकर आयुक्त, दिल्ली एवं सुप्रिद्ध लेखिका ने "मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) और बड़ी संख्या में निगम मुख्यालय के कार्मिकों सहित ऑनलाइन माध्यम से एनएचपीसी के विभिन्न कार्यस्थलों से कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्य भी जुड़े थे। अपने संबोधन में श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा "वर्तमान परिदृश्य मे मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अत्यंत आवश्यकता है। यदि हम मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो शारीरिक रूप से भी फिट रहेंगे और अपने कार्य एवं जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निष्पादित कर पाएगें।"

इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंनें सभी कार्मिकों से व्याख्यान श्रृंखला–प्रेरणा के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर आयोजित व्याख्यान का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह भी किया।

# एनएचपीसी ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन




अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य पर एनएचपीसी के निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 17.12.2025 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने उपस्थित सभी दिव्यांग कार्मिकों को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में उन्होने समावेशन, सुलभता एवं सभी के लिए समान अवसरों के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया। सीएमडी महोदय ने इस अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों के साहस, समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अनेक दिव्यांग कार्मिक एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यालयों में अत्यंत समर्पण और दक्षता के साथ कार्य कर रहे हैं जिन पर एनएचपीसी को गर्व है।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने कहा कि एनएचपीसी अपने दिव्यांग कार्मिकों के लिए एक आदर्श कार्यस्थल उपलब्ध कराने तथा सभी के लिए सतत एवं समावेशी कार्य संस्कृति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) महोदय ने कहा कि यह अवसर उन असाधारण व्यक्तियों का उत्सव है जिन्होंने अपनी चुनौतियों को अपनी शक्ति में परिवर्तित किया है। श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) महोदय ने दिव्यांग कार्मिकों की मेहनत व समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें सम्मान व गरिमा के साथ कार्य करने का अवसर देना एक नीति ही नहीं, बल्कि जीवन का तरीका होना चाहिए। इस अवसर पर एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों की प्रेरणादायक उपलब्धियों को दर्शाती एक विशेष फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

# एनएचपीसी निगम मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) और बड़ी संख्या में कार्मिक भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्मिकों से हिन्दी को दैनिक कार्य प्रणाली में अपनाने का आह्वान किया तथा इसे संगठन की कार्यकुशलता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बताया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने एनएचपीसी द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में अवगत कराया और कार्मिकों से हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का आग्रह किया।कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के गीत एवं नाटक प्रभाग तथा रंगभूमि के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# एनएचपीसी ने नराकास (का.) फरीदाबाद के तत्वावधान में 'विकसित भारत की हिंदी' विषय पर एक हिंदी संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी तथा अध्यक्ष, नराकास (का.) फरीदाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 15 दिसंबर 2025 को एनएचपीसी कार्यालय परिसर में नराकास (का.) फरीदाबाद के तत्वावधान में "विकसित भारत की हिंदी" विषय पर एक हिंदी संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी श्री उत्तम लाल भी उपस्थित थे। संगोष्ठी में प्रोफेसर गिरीश नाथ झा, संकाय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली एवं पूर्व अध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि "विकसित भारत की हिंदी" केवल अनुवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और प्रशासन की वह भाषा है, जो विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा सके। उन्होंने हिंदी को तकनीक से जोड़ने पर बल दिया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने प्रोफेसर झा द्वारा हिंदी एवं संस्कृत जैसी प्राचीन भाषाओं को आधुनिक कंप्यूटिंग और डिजिटल युग से जोड़ने के प्रयास को अत्यंत प्रेरणादायी बताया। संगोष्ठी के उपरांत नराकास (का.) फरीदाबाद के तत्वावधान में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



# एनएचपीसी द्वारा निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही बैठक का आयोजन किया गया




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी की अध्यक्षता में निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025–26 की तीसरी तिमाही बैठक 16.12.2025 को आयोजित की गई। बैठक में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में पूर्णतः हिंदी अथवा द्विभाषी कार्यान्वयन योग्य क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया तथा पूर्ण रूप से हिंदी में कार्य करने का संकल्प लेने पर बल दिया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने भारत सरकार के राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन तथा अब तक प्राप्त उपलब्धियों को और सुदृढ़ करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान निगम में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2024–25 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, पावर स्टेशनों एवं परियोजनाओं को राजभाषा शील्ड व प्रमाणपत्र तथा राजभाषा विशिष्ट प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयनित कार्मिकों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# एनएचपीसी द्वारा नराकास (का.), फरीदाबाद की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक का आयोजन किया गया




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी तथा अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद की अध्यक्षता में 24.11.2025 को नराकास (का.), फरीदाबाद की वर्ष 2025–26 की द्वितीय छमाही बैठक का आयोजन एनएचपीसी कार्यालय परिसर में किया गया। बैठक में एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक)श्री उत्तम लाल, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री नवीन कुमार जैन, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (का.) श्री कुमार पाल शर्मा तथा सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि नराकास बैठकों में राजभाषा प्रगति की समीक्षा हमें कमियों को दूर करने और भविष्य की बेहतर कार्ययोजना बनाने में सहायक होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक प्रयासों से राजभाषा प्रयोग को और अधिक सहज, सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है, जिससे सरकारी कार्य में हिंदी का स्वाभाविक उपयोग सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्य कार्यालयों को नराकास राजभाषा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।



# एनएचपीसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत कवि सम्मेलन,वॉकथॉन और नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**कवि सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात उपस्थित श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी व अन्य अधिकारीगण।**

एनएचपीसी द्वारा निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 27.10.2025 से 02.11.2025 तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के दौरान दिनांक 29.10.2025 को कवि सम्मेलन, वॉकथॉन और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक),श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने दीप प्रज्ज्वलित करके कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा कि एनएचपीसी के सभी कार्मिक सतर्क और सत्यनिष्ठ होकर जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। सतर्कता को वर्ष भर अनुसरण करना चाहिए और हम इसे अपने कार्यों में अपना भी रहे हैं। इन सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य भ्रष्टाचार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, समाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देना है। सतर्क और जागरूक होकर अपने आधिकारिक कार्यों को करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के इस वर्ष का थीम 'सतर्कतारू हमारी साझा जिम्मेदारी' है। इसका तात्पर्य है कि हम सभी को मिलकर सतर्क और जागरूक होकर सतर्कता संबंधी नियमों का पालन करते रहना है।

कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवि श्री उपेन्द्र पाण्डेय, श्री अनिल अग्रवंशी, श्री शैलेन्द्र मधुर तथा कवयित्री श्रीमती कल्पना शुक्ला ने वीर रस, शृंगार रस और हास्य रस की कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इससे पूर्व एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी महोदयगण द्वारा वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता का संदेश देने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण मित्र कल्चरल सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इन कार्यक्रमों में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा अन्य कार्मिकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।


सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के दौरान एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर निबंध लेखन, वाद–विवाद, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में निःशुल्क बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 19.11.2025 को एनएचपीसी के निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित निःशुल्क बहु–विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का उद्‌घाटन किया। स्वास्थ्य शिविर के उद्‌घाटन के अवसर पर श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित रहे। यह स्वास्थ्य शिविर एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने इस पहल की सराहना करते हुए कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा परिवारों को स्वस्थ भविष्य के निर्माण हेतु सशक्त बनाने में इसके महत्व को रेखांकित किया। इस शिविर में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, स्त्री रोग, ऑर्थोपेडिक्स, कार्डियोलॉजी, नेत्र देखभाल, ईएनटी एवं दंत चिकित्सा में निःशुल्क परामर्श प्रदान किए गए, साथ ही रक्तचाप एवं ब्लड शुगर, बीएमडी, पीएफटी, ऑडियोमेट्री आदि जांच भी उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में एनएचपीसी के कार्मिकों, संविदा कर्मियों, सुरक्षा कर्मी तथा उनके आश्रित सहित कुल 155 लाभार्थियों ने भाग लेकर स्वस्थ्य लाभ उठाया।




# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने एनएचपीसी आवासीय पूजा समिति, फरीदाबाद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया



श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने विजयदशमी पर्व के अवसर पर एनएचपीसी आवासीय पूजा समिति, फरीदाबाद द्वारा 02 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ इस अवसर पर श्रीमती शिखा गुप्ता, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला क्लब, फरीदाबाद, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) व श्रीमती मोना लाल, श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) व श्रीमती गरिमा सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एनएचपीसी के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि विजयदशमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह जीवन में धर्म, सत्य और साहस की अनिवार्यता का स्मरण कराता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि हर चुनौती और विपत्ति का सामना आत्मबल, धैर्य और संकल्प के साथ किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रामलीला की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रस्तुति सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने और नवीन पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के प्रसार का प्रभावशाली माध्यम है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनएचपीसी परिवार के बच्चों द्वारा प्रस्तुत राम–रावण युद्ध का सजीव मंचन रहा, जिसने दर्शकों को रामायण की गरिमा और मूल्यों से जोड़ दिया। इसके उपरांत रावण दहन का आयोजन किया गया।

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय एवं श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) महोदय ने सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) के दिनांक 25.12.2025 को सलाल पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर) में आगमन पर श्री जितेन्द्र कुमार, समूह महाप्रबंधक (विद्युत) सहित पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय तथा निदेशक (तकनीकी) महोदय ने डैम कंट्रोल रूम एवं पावर हाउस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर स्टेशन की परिचालन स्थिति, सुरक्षा प्रबंधों एवं तकनीकी गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया तथा चल रहे ड्रेजिंग कार्य को अधिक कुशल, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।





श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) ने सलाल पावर स्टेशन, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर के अपने दौरे के दौरान दिनांक 26.12.2025 को चिनाब नदी पर निर्मित सलाल डैम के अपस्ट्रीम क्षेत्र, थनपाल, रड नाला, चिंकाह, अरनास, अंश नाला एवं कंथाल तथा डाउनस्ट्रीम क्षेत्र, तलवाड़ा, बारादरी पुल एवं टीआरटी आउटलेट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने रियासी जिले की उपायुक्त, श्रीमती निधि मलिक से भी औपचारिक भेंट की और पावर स्टेशन से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर बात की। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय तथा निदेशक (तकनीकी) महोदय ने परिवहन संभावनाओं का जायजा लेने हेतु रियासी स्टेशन साइडिंग का भी दौरा किया और सलाल पावर स्टेशन में कार्यरत अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशकतथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) ने सलाल पावर स्टेशनके दौरे के दौरान दिनांक 27.12.2025 को जनकल्याण एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर विचार–विमर्श के लिए रियासी के माननीय विधायक श्री कुलदीप राज दुबे से मुलाकात की। इसके पश्चात सीएमडी महोदय तथा निदेशक (तकनीकी) महोदय ने सड़क चौड़ीकरण एवं खनन से जुड़ी चुनौतियों का जायजा लेने के उद्देश्य से सलाल पावर स्टेशन के अपस्ट्रीम क्षेत्र में स्थित कंथाल पुल एवं अरनास का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उनके साथ जम्मू–कश्मीर के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शैलेंद्र कुमार (आईएएस), जम्मू के मंडल आयुक्त श्री रमेश कुमार (आईएएस), सीमा सड़क संगठन के मुख्य अभियंता ब्रिगेडियर श्री आर. के. मिश्रा, जम्मू–कश्मीर के भूविज्ञान एवं खनन निदेशक श्री सूरज प्रकाश रुकवाल (जेकेएएस) तथा रियासी जिले की उपायुक्त श्रीमती निधि मलिक (आईएएस) भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने मौके पर स्थिति का अवलोकन किया और आवागमन को अधिक सुगम एवं सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सीएमडी महोदय ने एनएचपीसी अधिकारियों को कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु एक स्पेशल टास्क फोर्स के गठन के निर्देश दिए।







# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने रंगित-IV जलविद्युत परियोजना का दौरा किया

एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने दिनांक 04.11.2025 को निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक (क्षे.का. सिलीगुड़ी) श्री अनिल कुमार दास तथा कार्यपालक निदेशक (रंगित–IV जलविद्युत परियोजना) श्री सुधीर कुमार यादव के साथ रंगित–IV जलविद्युत परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों, विशेष रूप से बांध एवं विद्युत गृह का दौरा किया। इस दौरान, सीएमडी महोदय ने परियोजना में चल रही महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की और परियोजना अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके साथ–साथ उन्होंने कैपेक्स उपलब्धि को बढ़ाने के लिए सभी मोर्चों पर सक्रिय रहने तथा परियोजना के समयबद्ध रूप से पूरा करने हेतु निर्देश दिए।



# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण किया

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 03.11.2025 को पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम परियोजनाओं के दौरे के दौरान तीस्ता–VI जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) तथा श्री उमेश कुमार नन्द, कार्यपालक निदेशक (पीएमएसजी) उपस्थित थे। तीस्ता–VI जलविद्युत परियोजना प्रमुख एवं कार्यपालक निदेशक श्री अनिल कुमार दाश ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय को परियोजना की वर्तमान स्थिति तथा निर्माणाधीन विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने बैराज स्थल पर चल रही निर्माण गतिविधियों की समीक्षा की, इनटेक क्षेत्र में चल रहे पाइलिंग कार्यों का निरीक्षण किया तथा पाइलिंग कार्यों की प्रगति को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन एचआरटी फेस 3ए और 3बी का भी निरीक्षण किया तथा दोनों फेस की गंभीरता का अवलोकन किया तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को लक्ष्योन्मुख एवं सुरक्षापूर्वक सम्पन्न किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने, सौंपे गए कार्यों का स्वामित्व लेने, निर्णय क्षमता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। परियोजना की विभिन्न गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए सीएमडी महोदय ने परियोजना द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस उत्कृष्ट कार्य को जारी रखते हुए निर्धारित समय से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।



## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएचपीसी तीस्ता-V पावर स्टेशन का दौरा किया



श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) तथा श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) के साथ 2 से 4 नवम्बर 2025 के दौरान 510 मेगावाट एनएचपीसी तीस्ता–V पावर स्टेशन का दौरा किया तथा चल रहे पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा की। 3 एवं 4 अक्टूबर 2023 की मध्यरात्रि में उत्तरी सिक्किम स्थित ल्होनक झील के फटने से आई बाढ़ के कारण तीस्ता–V पावर स्टेशन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था तथा इसके बाद अक्टूबर 2024 में टीआरटी आउटलेट पर हुए भूस्खलन से भी नुकसान हुआ।

दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने डिक्चू स्थित बांध स्थल, निर्माणाधीन जीआईएस भवन तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। श्री जितेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, तीस्ता–V पावर स्टेशन ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय को किए जा रहे पुनर्स्थापन कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार दास, कार्यपालक निदेशक, सिलीगुड़ी क्षेत्र तथा श्री उमेश कुमार नंद, कार्यपालक निदेशक, पीएमएसजी भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने विभिन्न मोर्चों पर युद्धस्तर पर किए जा रहे कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात उन्होंने तीस्ता–V पावर स्टेशन तथा एनएचपीसी निगम मुख्यालय की टीम के अधिकारियों के साथ शेष कार्यों की समीक्षा की और सभी से अनुरोध किया कि वे इस प्रमुख पावर स्टेशन को वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंत तक परिचालन में लाने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करें।



## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने दुलहस्ती पावर स्टेशन का दौरा किया

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 01–03 दिसंबर 2025 के दौरान एनएचपीसी एवं सीवीपीपीएल की विभिन्न परियोजनाओं के दौरे के क्रम में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित 390 मेगावाट दुलहस्ती पावर स्टेशन का दौरा किया। दौरे के दौरान, श्री सुरेश कुमार, परियोजना प्रमुख ने सीएमडी महोदय को पावर स्टेशन में चल रही संचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों के साथ–साथ वार्षिक अनुरक्षण कार्यों की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। सीएमडी महोदय ने पावर हाउस में सभी कार्यात्मक प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता भी की, जिसमें उन्होंने विद्युत स्टेशन की परिचालन स्थिति तथा चल रही गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की।




उन्होंने संचालन एवं अनुरक्षण कर्मियों से संवाद किया, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके समर्पण की सराहना की तथा दुलहस्ती पावर स्टेशन के सुचारु संचालन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दुल डैम का भी दौरा किया और बांध सुरक्षा एवं अनुरक्षण से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की।

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने रतले जलविद्युत परियोजना का दौरा किया

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 01.12.2025 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। उन्होंने परियोजना स्थल पर चल रहे सिविल, हाइड्रो–मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रो–मैकेनिकल कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह परियोजना रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही है, जो एनएचपीसी एवं जेकेएसपीडीसी का संयुक्त उपक्रम है।



दौरे के दौरान, श्री एम.के. कश्यप, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रतले एचपीसीएल ने सीएमडी को निर्माण गतिविधियों की स्थिति से अवगत कराया तथा परियोजना से जुड़े प्रमुख मुद्दों एवं चुनौतियों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री रमेश मुखिया, प्रबंध निदेशक (सीवीपीपीएल) सहित रतले एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी सीएमडी महोदय के साथ उपस्थित थे।

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू का दौरा किया

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 01.12.2025 को एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू का दौरा किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के कार्यालय परिसर आगमन पर कार्मिकों एवं एनएचपीसी के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री सतनाम सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) ने सीएमडी महोदय को कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों एवं प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर श्री रमेश मुखिया, प्रबंध निदेशक, सीवीपीपीएल भी उपस्थित थे। इस दौरान एनएचपीसी की विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भी सीएमडी महोदय से शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी कार्मिकों को संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए इसी उत्साह, निष्ठा और टीम भावना के साथ कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया।



# पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2025 में एनएचपीसी ने जीते पुरस्कार



पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2025 में एनएचपीसी को 'छोटा भीम और बड़ा बांध' कॉमिक बुक के लिए स्पेशल/प्रेस्टीज प्रकाशन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार तथा एनएचपीसी अचीवमेंट बुक के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2025 में एनएचपीसी द्वारा प्राप्त शानदार उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय एवं विभागाध्यक्ष (नैगम संचार) द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय को पुरस्कार सौंपे गए।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा कि एनएचपीसी के प्रकाशनों को पुरस्कार प्राप्त होना संगठन की रचनात्मकता, गुणवत्ता एवं प्रभावी संप्रेषण क्षमता का प्रमाण है। ऐसे रचनात्मक प्रयास न केवल एनएचपीसी की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों से हमारे जुड़ाव को भी और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भविष्य में भी इसी उत्साह, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) व श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी महोदय भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

# एनएचपीसी ने एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन में दो एसएचआरएम पुरस्कार जीते



श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 13–14 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन में दो एसएचआरएम पुरस्कार (पीएसई श्रेणी) जीतने पर एचआर टीम को बधाई दी। एनएचपीसी को "एक्सीलेंस इन इन्क्लूजन एंड डाइवर्सिटी" के लिए 2025 का प्रथम रनर–अप और "एक्सीलेंस इन मैनेजिंग डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स" के लिए 2025 का प्रथम रनर–अप पुरस्कार प्राप्त हुआ। सम्मेलन में ये पुरस्कार श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री एन.के. जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) और एनएचपीसी अधिकारियों की टीम ने प्राप्त किए। बाद में इन्हें श्री भूपेन्द्र गुप्ता को निदेशक (कार्मिक) और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने टीम के प्रयासों की सराहना की और संगठन के लिए अर्जित इस सम्मान की प्रशंसा की। "एक्सीलेंस इन मैनेजिंग डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स" पुरस्कार ने देश के दूरस्थ क्षेत्रों, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, अत्यधिक ठंड मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कर्मचारियों के विकास और पोषण के लिए एनएचपीसी के निरंतर प्रयासों को मान्यता दी। वहीं, "एक्सीलेंस इन इन्क्लूजन एंड डाइवर्सिटी" पुरस्कार ने एनएचपीसी की हितधारक–केंद्रित दृष्टि और सभी स्तरों पर परिवर्तनकारी विविधता एवं समावेशन पहलों,जिसमें कर्मचारियों के परिवार भी शामिल हैं, के प्रति प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। यह पुरस्कार उन एनएचपीसी कर्मचारियों के अथक और समर्पित प्रयासों को भी मान्यता देता है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों से आते हुए भी गर्व और सम्मान के साथ देश की सेवा में एकजुट हैं।



# एनएचपीसी ने पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स में पुरस्कार जीते



श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पणजी, गोआ में आयोजित 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स में एनएचपीसी द्वारा प्राप्त शानदार उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी है। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय एवं विभागाध्यक्ष (नैगम संचार) द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय को तीनों पुरस्कार सौंपे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कहा "यह पुरस्कार एनएचपीसी द्वारा कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को पहचान प्रदान करते है। ऐसे प्रयासों से हमारे संगठन की छवि और भी मजबूत होती है। हमें इस सकारात्मक भावना को बनाए रखते हुए भविष्य में भी इसी जोश और गुणवत्ता के साथ कार्य करते रहना चाहिए।" 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 में, एनएचपीसी को कॉर्पोरेट ब्रोशर को रजत पुरस्कार, वार्षिक रिपोर्ट तथा एनएचपीसी की कॉमिक बुक 'जल से ज्योति' को कांस्य पुरस्कार प्रदान किया गया।

# एनएचपीसी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

एनएचपीसी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी एससी/एसटी एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने बड़ी संख्या में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों और मानव–मूल्यों को नमन किया।



# एनएचपीसी के विभिन्न लोकेशनों में पदस्थापित कार्मिकों के लिए अंतर-क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट-सह-चयन ट्रायल का आयोजन

एनएचपीसी के विभिन्न लोकेशनों में पदस्थापित कार्मिकों के लिए अंतर–क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट–सह–चयन ट्रायल का आयोजन 15 से 17 दिसंबर 2025 तक फरीदाबाद में किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद की टीम ने एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की टीम को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम किया।



समापन समारोह में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक (कार्मिक) महोदय ने सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई दी तथा कमरिकों को फिटनेस, आपसी सद्भाव और टीमवर्क को बढ़ावा देने के लिए निरंतर खीलों अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 15वें सीआईआई एचआर कॉन्क्लेव को संबोधित किया

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 9–10 दिसंबर 2025 को मुंबई में आयोजित 15वें सीआईआई एचआर कॉन्क्लेव को संबोधित किया। "एक्सपीरियंस एज स्ट्रेटेजी : डिजाइनिंग द




एम्प्लोयी जर्नी ऑफ टुमारो, टुडे" विषयक सत्र में पैनलिस्ट के रूप में बोलते हुए उन्होंने दूरदराज क्षेत्रों में एनएचपीसी के चुनौतीपूर्ण कार्य वातावरण को रेखांकित किया, जो युवा कर्मचारियों और जेन–जी के लिए विशिष्ट अवसर प्रदान करता है। उन्होंने योग प्रशिक्षण, बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण तथा विभिन्न अनुभव–वर्धक कार्यक्रमों सहित कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी प्रमुख पहलों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने एनएचपीसी की सशक्त कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में कौशल विकास तथा 'प्रयास' और 'सहयोग' जैसे मंचों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।श्री उत्तम लाल ने 'मातृत्व' और 'पिंक लीव' जैसी जन–केंद्रित नीतियों का भी उल्लेख किया। उनके संबोधन को एचआर जगत के लीडर्स एवं प्रतिभागियों से व्यापक सराहना प्राप्त हुई।

# श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने अपोलो मेन हॉस्पिटल,चेन्नई में आयोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की समापन समारोह की अध्यक्षता की

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 28.11.2025 को चेन्नई स्थित अपोलो मेन हॉस्पिटल में आयोजित पाँच दिवसीय



प्रशिक्षण कार्यक्रम "चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में नवीन प्रगति" के समापन समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में श्री उत्तम लाल ने ऐसे कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया, जो एनएचपीसी के चिकित्सकों को अधिक सटीकता, अद्यतन चिकित्सकीय ज्ञान तथा बेहतर नैदानिक निर्णय क्षमता से सुसज्जित करते हैं, जिससे संगठन में रोगी देखभाल एवं समग्र स्वास्थ्य मानकों को सुदृढ़ किया जा सके।

इस कार्यक्रम में डॉ. सतरूपा भट्टाचार्य, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), कॉर्पोरेट कार्यालय, एनएचपीसी, अपोलो हॉस्पिटल्स समूह के वरिष्ठ अधिकारी तथा एनएचपीसी के विभिन्न स्थानों से आए कुल 14 चिकित्सकों ने भाग लिया।

## श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने पावरग्रिड एचआर टेक कॉन्फ्रेंस 2025 में पैनलिस्ट के रूप भाग लिया

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 25 नवंबर 2025 को गुरुग्राम में आयोजित पावरग्रिड एचआर टेक कॉन्फ्रेंस 2025 में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। "सक्सेशन ऑरस्टैग्नेशन? : सीक्रेट्स फॉर बिल्डिंग ए फ्यूचर रेडी लीडरशिप पाइपलाइन" विषय पर हुई चर्चा के दौरान उन्होंने सशक्त नेतृत्व पाइपलाइन के निर्माण पर एनएचपीसी के विशेष फोकस को रेखांकित किया तथा क्षमता विकास और भावी लीडर्स के सशक्तिकरण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने एनएचपीसी की दूरस्थ एवं चुनौतीपूर्ण परियोजना स्थलों पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और लाभों को भी रेखांकित किया, जो कर्मचारियों को जमीनी स्तर की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाते हैं, साथ ही उनके कल्याण और उत्पादकता को सुनिश्चित करते हैं।




## श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन 25 में पैनलिस्ट वक्ता के रूप भाग लिया




श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 13–14 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन (SHRM IAC25) में "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एजेंटिक इंटेलिजेंस तक" विषय पर पैनलिस्ट वक्ता के रूप में मंच साझा किया। उन्होंने इस विषय पर अपने अनुभवजन्य विचार और अंतर्दृष्टियाँ साझा कीं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों द्वारा सकारात्मक रूप से सराहा गया और जोरदार तालियों से स्वागत किया गया।

## एनएचपीसी कार्मिकों के बच्चों के लिए समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




एनएचपीसी कार्मिकों के बच्चों के लिए दिनांक 19.11.2025 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में हिंदी समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों (कक्षा 7 से 9 तथा कक्षा 10 से 12 तक) में आयोजित की गई। कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी श्री उत्तम लाल, मुख्य अतिथि तथा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री नवीन कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल तो बढ़ता ही है, साथ ही उनके ज्ञान मे भी वृद्धि होती है और उन्हें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने हेतु तैयारी के लिए मंच प्राप्त होता है। कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) महोदय ने भी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक (कार्मिक) महोदय ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए।



## एनएचपीसी द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा 2025-अभियान 5.0' के अंतर्गत मिरेकल चौरिटेबल सोसाइटी अनाथालय के बच्चों हेतु निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर आयोजित किया गया

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी द्वारा "स्वच्छता ही सेवा 2025 – अभियान 5.0" के अंतर्गत दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को मिरेकल चौरिटेबल सोसाइटी, फरीदाबाद में अनाथालय के बच्चों हेतु आयोजित निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का शुभारंभ किया गया। उक्त शिविर में ईएनटी, नेत्र, दंत, न्यूरो एवं बाल रोग विशेषज्ञों के द्वारा 96 बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जाँच की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक (कार्मिक) महोदय ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण ही खुशहाल जीवन की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।




## एनएचपीसी को एनआईपीएमएचआर एक्सीलेंस सिल्वर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया



एनएचपीसी को "इनोवेटिव अप्रोचेज टू प्रमोट डाइवर्सिटी" विषय पर अपनी सराहनीय एवं नवोन्मेषी मानव संसाधन प्रथाओं के लिए एनआईपीएमएचआर एक्सीलेंस सिल्वर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित 41वें एनआईपीएम राष्ट्रीय सम्मेलन (नेटकोन) के दौरान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने सम्मेलन की सह–अध्यक्षता की तथा "राष्ट्र निर्माण में एचआर की भूमिका" विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में पैनल वक्ता के रूप में भी भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्यामें उपस्थित एचआर पेशेवरों, उद्योग जगत के विचारशील नेताओं एवं विद्यार्थियों के साथ अपने सारगर्भित विचार साझा किए।

## एनएचपीसी ने 'गोल्डन जुबिली कप 2025' का आयोजन किया

एनएचपीसी ने 20.12.2025 को गुरुग्राम स्थित टेरी क्रिकेट ग्राउंड में सिविल सर्विसेज–इलेवन (जिसमें आईएएस, आईआरएस, आईसीएएस, रेलवे आदि के अधिकारी शामिल थे) एवं एनएचपीसी–इलेवन के बीच 'गोल्डन जुबिली कप 2025' के तहत एक मैत्रीपूर्ण टी–20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया। सिविल सर्विसेज–इलेवन ने यह मैच 51 रनों से जीत लिया।

इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने ट्रॉफियां प्रदान कीं तथा खिलाड़ियों के उत्साह एवं खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन टीमवर्क को बढ़ावा देते हैं, आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं तथा संगठनात्मक जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं।

सिविल सर्विसेज–इलेवन के कप्तान श्री राहुल कपूर, आईआरएएस, कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड, भारतीय रेल एवं निदेशक (वित्त),




डीएफसीसीआईएल ने मैच के आयोजन हेतु एनएचपीसी की पहल की सराहना की तथा कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द बढ़ाने और टीमों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं।

# संसदीय प्राक्कलन समिति ने एनएचपीसी का निरीक्षण

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजना), एनएचपीसी तथा श्री यू.के. नंद, कार्यकारी निदेशक (पीएमएसजी) ने एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 29 दिसंबर 2025 को चेन्नई में आयोजित 'भारत में विद्युत परियोजनाएँ – मुद्दे एवं चुनौतियाँ' विषय पर संसदीय प्राक्कलन समिति की बैठक में भाग लिया। निदेशक (परियोजना) ने समिति को एनएचपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं, संचालित पावर स्टेशनों, भविष्य की योजनाओं तथा संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी दी।




# एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह ने 1856 मेगावाट सावलकोट जल विद्युत परियोजना का दौरा किया

एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह ने 05.10.2025 को निगम मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कार्यपालक निदेशक श्री ए. के. नौरीयाल के साथ एनएचपीसी की 1856 मेगावाट सावलकोट जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। इस दौरान श्री संजय कुमार सिंह ने नव–निर्मित प्री–फैब्रिकेटेड भवन का उद्घाटन किया तथा मंडियाल पुल, मलबा निस्तारण क्षेत्र, खदान स्थल, कॉफर डैम एवं तुलसियान नाला डायवर्जन टनल सहित परियोजना के कई महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया।

सावलकोट जल विद्युत परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री दीनबंधु बोराल ने निदेशक (परियोजनाएँ) महोदय को परियोजना के विभिन्न प्रमुख घटकों की जानकारी दी, जिसमें स्थल तक पहुंच सुनिश्चित करने में स्पाइरल रोड टनलों के रणनीतिक महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।



# श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) ने गंजम सौर परियोजना का दौरा किया

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी ने 1 नवम्बर 2025 को गंजम सौर परियोजना (ओडिशा) का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। दौरे के दौरान श्री बिद्या धर मोहराणा, परियोजना प्रमुख (एचओपी) ने निदेशक (परियोजनाएं) महोदय को परियोजना में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। निदेशक (परियोजनाएं) महोदय ने सभी हितधारकों के साथ विस्तृत बैठक की तथा कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचपीसी के अधिकारियों से भी संवाद किया और परियोजना को पूरा करने के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने हेतु उनके समर्पित प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनएचपीसी निगम मुख्यालय से श्री राजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक भी उनके साथ उपस्थित रहे।



## आर्बिट्रेशन सेल, एनएचपीसी द्वारा पटनीटॉप में 'विवाद परिहार एवं समाधान तंत्र' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन




एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह ने जम्मू–कश्मीर के पटनीटॉप में "विवाद परिहार एवं समाधान तंत्र" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री ए.के. नौरीयाल, कार्यपालक निदेशक (आर्बिट्रेशन) भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निदेशक (परियोजनाएँ) महोदय ने सुदृढ़ अनुबंध प्रबंधन के माध्यम से विवादों के प्रोएक्टिव अवोइडेंस तथा समयबद्ध समाधान के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे परियोजनाओं का सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

यह कार्यशाला एनएचपीसी के व्यावसायिकता, निष्पक्षता एवं ईमानदारी के मूल मूल्यों के अनुरूप विवादों की रोकथाम एवं समाधान हेतु सर्वोत्तम प्रथाओं और संरचित तंत्रों के संबंध में अधिकारियों के ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। आर्बिट्रेशन सेल, एनएचपीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जम्मू क्षेत्र में स्थित विभिन्न एनएचपीसी एवं सीवीपीपीएल परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ–साथ निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से आए प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

## श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी ने ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव श्री मनोज आहूजा तथा प्रधान सचिव (पावर) श्री विशाल कुमार देव से भेंट किया



श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी ने 30 अक्टूबर 2025 को ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव श्री मनोज आहूजा तथा 31 अक्टूबर 2025 को ओडिशा सरकार के प्रधान सचिव (पावर) श्री विशाल कुमार देव से मुलाकात की और ओडिशा में चल रही सौर परियोजना की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। निदेशक (परियोजनाएं) महोदय के साथ श्री राजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (पीएसपी) तथा श्री बिद्या धर मोहराणा, महाप्रबंधक (विद्युत) भी उपस्थित रहे। बैठकों के दौरान श्री संजय कुमार सिंह ने ओडिशा में प्रस्तावित तीन पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं–मासिंटा (1000 मेगावाट), हरभंगी (1020 मेगावाट) तथा बदनाला (800 मेगावाट)–की स्थिति पर भी चर्चा की, जिनके लिए पीएफआर/डीपीआर तैयार करने का कार्य एनएचपीसी को सौंपा गया है। उन्होंने इन परियोजनाओं के शीघ्र आवंटन के लिए राज्य सरकार से सहयोग का अनुरोध किया, ताकि एनएचपीसी इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन को त्वरित आधार पर प्रारंभ कर सके।



# श्री महेश कुमार शर्मा ने एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण किया

श्री महेश कुमार शर्मा ने 17 अक्टूबर 2025 को भारत सरकार की एक प्रमुख 'नवरत्न' विद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण किया है। एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने एनएचपीसी के वाणिज्यिक विभाग के वित्त प्रमुख और एनएचपीसी रिन्यूअल एनर्जी लिमिटेड (एनएचपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) के मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल) के बोर्ड में नामित निदेशक हैं।

वे 30 से अधिक वर्षों के योग्यता–पश्चात कार्यानुभव के साथ भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) के फेलो सदस्य हैं। उन्होंने आईसीएआई से सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (डीआईएसए) में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है, जिसमें उन्हें अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वे 2004–07 की अवधि के दौरान आईसीएआई की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की फरीदाबाद शाखा के कार्यकारी निकाय सदस्य चुने गए और वर्ष 2006–07 के दौरान शाखा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्हें वर्ष 2006–07 के लिए आईसीएआई की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा उत्तरी भारत के 'बेस्ट चेयरमैन अवार्ड' का पुरस्कार प्रदान किया गया।



**श्री महेश कुमार शर्मा**
निदेशक (वित्त), एनएचपीसी लिमिटेड

श्री महेश कुमार शर्मा ने जुलाई 2000 में एनएचपीसी में लेखा अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और एनएचपीसी में 25 वर्षों से अधिक के अपने विशिष्ट पेशेवर करियर के दौरान, उन्होंने वित्त, कॉर्पोरेट लेखा, कोषागार, वाणिज्यिक और अनुबंधों के मुख्य क्षेत्रों में व्यापक विशेषज्ञता हासिल की है। उनका व्यापक अनुभव न केवल बड़े पैमाने की अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन को कवर करता है, बल्कि टैरिफ और विनियामक ढांचे की गहरी और व्यावहारिक समझ भी रखता है, जो जलविद्युत परियोजनाओं की योजना, विकास और संचालन में महत्वपूर्ण हैं। अपनी उत्तरदायित्व की भावना, पेशेवर नैतिकता और समर्पण से, वे संगठनात्मक स्तर पर लगातार प्रगति करते रहें।

एनएचपीसी के साथ उनका सफर कॉर्पोरेट कार्यालय, फरीदाबाद से शुरू हुआ, जहाँ वे कोषागार प्रबंधन टीम का हिस्सा थे और भारतीय शेयर बाजारों में कंपनी के सूचीबद्ध होने तक इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) कार्यान्वयन टीम के मुख्य सदस्य थे। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत और उसके बाद धौलीगंगा पावर स्टेशन में सेवा प्रदान की, जहाँ उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2013 में उत्तराखंड में आई अचानक बाढ़ के कारण धौलीगंगा पावर स्टेशन के बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए, जीर्णोद्धार कार्यों का लेखा–जोखा, नई परिसंपत्तियों का पूंजीकरण, अनुबंधों का समापन, बीमा दावा निपटान आदि जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके बाद, उन्होंने पकलदुल जलविद्युत परियोजना में वित्त प्रमुख के रूप में कार्य किया, साथ ही चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी का एक संयुक्त उद्यम) के अंतर्गत सर्वेक्षण और जांच के अधीन दो परियोजनाओं, किरू जलविद्युत परियोजना और क्वार जलविद्युत परियोजना के वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

पकलदुल परियोजना में, उन्होंने बांध और पावर हाउस के निर्माण के लिए प्रमुख अनुबंधों (सिविल और ईएंडएम) को संभाला, जो परियोजना में उनके कार्यकाल के दौरान प्रदान किए गए थे। उन्होने गैर–ईआरपी वातावरण में परिसंपत्तियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों के भुगतान के लेखांकन के लिए उचित नियंत्रण प्रणालियों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री शर्मा ने जम्मू–कश्मीर में जीएसटी अधिनियम के कार्यान्वयन के बाद संविदात्मक मुद्दों को सुलझाने और पूर्व में दिए गए अनुबंधों पर जीएसटी के प्रभाव का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपने कार्यकाल के दौरान, श्री शर्मा ने सर्वेक्षण और जाँच चरणों से लेकर निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं और तत्पश्चात प्रचालनरत जलविद्युत स्टेशनों तक परियोजना विकास के विभिन्न चरणों के दौरान एनएचपीसी की वित्तीय रणनीतियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके योगदानों में प्रभावी संसाधन जुटाना, नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन, कुशल कोषागार संचालन और अनुबंधों एवं वाणिज्यिक समझौतों के निष्पादन में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना शामिल है।

उनके विनम्र और धैर्यवान नेतृत्व गुण, समर्पण, पेशेवर दृष्टिकोण और कड़ी मेहनत ने उन्हें एक उत्कृष्ट वित्त पेशेवर के रूप में स्थापित किया है जो एनएचपीसी और विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए लाभप्रद होगा।

# श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने सीईए के अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की

श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, सीईए, श्री प्रवीण गुप्ता, सदस्य (थर्मल) एवं सदस्य (ई एंड सी), सीईए और श्री एम.जी. गोखले, सदस्य (हाइड्रो), सीईए से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने एनएचपीसी की हाइड्रोपावर क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।





# श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) तथा विद्युत मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण से शिष्टाचार भेंट की

श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार, श्री श्रीकांत नागुलापल्ली, अवर सचिव, विद्युत मंत्रालय, श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय तथा श्री महाबीर प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, विद्युत मंत्रालय से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने एनएचपीसी की प्रमुख पहलों एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी।






# सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

केंद्रीय सतर्कता आयोग के अनुपालन में निगम मुख्यालय, एनएचपीसी लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 मनाया गया एवं सप्ताह के दौरान किए गए विभिन्न सतर्कता जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 17.12.2025 कोकिया गया। इस अवसर पर कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही, सतर्कता विभाग की गृह पत्रिका 'चेतना' के 19वें संस्करण का विधिवत विमोचन भी किया गया।



# श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने 40 मेगावाट गंजम सौर परियोजना का दौरा किया



श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने 19.11.2025 को ओडिशा के गंजम स्थित 40 मेगावाट सौर परियोजना का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान श्री विद्याधर मोहराना, परियोजना प्रमुख (एचओपी) ने उन्हें परियोजना से संबंधित चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। दौरे के दौरान, मुख्य सतर्कता अधिकारी महोदय ने सभी हितधारकों के साथ बैठक की और शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए गति बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने एनएचपीसी के अधिकारियों से भी संवाद किया तथा परियोजना के समयबद्ध पूर्णता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक महोदयगण ने 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया

एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक श्री प्रेमकुमार गोवर्थनन, डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, श्री जिजी जोसेफ एवं श्री अनिल कुमार सूद ने 8–9 अक्टूबर 2025 को अरुणाचल प्रदेश में स्थित 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया। परियोजना के कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री एल. के. त्रिपाठी ने परियोजना में चल रही निर्माण गतिविधियों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

स्वतंत्र निदेशक महोदयगण ने परियोजना के समग्र विकास की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों तथा कांट्रैक्ट एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद किया। उन्होंने परियोजना के कर्मचारियों एवं ठेकेदारों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता, समन्वय एवं टीमवर्क की सराहना की। आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों ने सभी हितधारकों को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अपने समर्पित प्रयासों को बनाए रखने और निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# एनएचपीसी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच लुब्रिकेंट्स एवं ग्रीस की आपूर्ति हेतु अनुबंध (एग्रीमेंट)पर हस्ताक्षर किए गए

एनएचपीसी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच 13.11.2025 को एनएचपीसी के विभिन्न पावर स्टेशनों/परियोजनाओं हेतु दिनांक 01.09.2025 से 31.08.2028 तक की अवधि के लिए लुब्रिकेंट्स एवं ग्रीस की आपूर्ति हेतु एक अनुबंध (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी की ओर से श्री अमिताभ झा, कार्यपालक निदेशक, संविदा (ई एंड एम) तथा आईओसीएल की ओर से श्री मैथ्यू वर्गीस, कार्यपालक निदेशक एवं राज्य प्रमुख, दिल्ली एवं हरियाणा राज्य कार्यालय उपस्थित थे। आईओसीएल के दिल्ली एवं हरियाणा राज्य कार्यालय, नई दिल्ली में एनएचपीसी की ओर से श्री नलिनी कांत वर्मा, महाप्रबंधक (संविदा–ई एंड एम) तथा आईओसीएल की ओर से श्री सम्राट दास, महाप्रबंधक प्रभारी (ल्युब्स) ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।



# एनएचपीसी महिला क्लब द्वारा एसओएस विलेज, फरीदाबाद में पौधारोपण तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

एनएचपीसी महिला क्लब की अध्यक्षा, श्रीमती शिखा गुप्ता के नेतृत्व में 13 नवम्बर 2025 को एसओएस विलेज, फरीदाबाद में पौधारोपण तथा सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसओएस विलेज कार्यालय में संस्था की गतिविधियों, उद्देश्यों तथा बच्चों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात् लाईब्रेरी एवं उसकी उपयोगिता पर संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याएँ–श्रीमती गरिमा सिंह, श्रीमती रिंकू शर्मा तथा अन्य सदस्याओं ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता की। विलेज भ्रमण के दौरान सदस्यों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, जहाँ बच्चों तथा मातृ–देखभालकर्ताओं द्वारा अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम के दौरान 15 कुर्सियों का औपचारिक हस्तांतरण तथा सभी सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। एनएचपीसी महिला क्लब का यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय संरक्षण और बच्चों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है



# एनएचपीसी की पुरुष कैरम टीम ने पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

एनएचपीसी की पुरुष कैरम टीम ने 21 से 24 दिसंबर 2025 तक हैदराबाद में आयोजित 28वीं अंतर–सीपीएसयू कैरम प्रतियोगिता में पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर गौरव हासिल किया। इस प्रतियोगिता में श्री अनूप कुमार एवं श्री ओम प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

यह टूर्नामेंट पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में आरईसी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 12 पुरुष टीमों ने भाग लिया।



# क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

## एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा ऊर्जा संरक्षण 2025 पर राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**एनएचपीसी अधिकारियों और जूरी सदस्यों के साथ विजेता छात्र।**

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा "ऊर्जा संरक्षण" पर जम्मू और कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन दिनांक 22 नवम्बर 2025 को किया गया। यह प्रतियोगिता पिछले कुछ वर्षों से विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देश पर बीईई द्वारा ऊर्जा संरक्षण संबंधी जागरूकता के प्रसार हेतु आयोजित किया जा रहा हैं। स्कूल, राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की यह पेन्टिंग कॉम्पिटिशन ऊर्जा संरक्षण के नेशनल कैंपेन का एक जरूरी हिस्सा है, जिसके तहत पूरे भारत के स्टूडेंट्स ने 02 ग्रुप्स – 'ग्रुप A' क्लास 5 से 7 और 'ग्रुप B' – क्लास 8 से 10 – में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर पेंटिंग्स को शॉर्ट लिस्ट करने के साथ शुरू हुआ और स्कूलों द्वारा भेजी गई चयनित पेंटिंग्स में से कुल 100 छात्रों (दोनों ग्रुप्स से 50–50) को राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में हुआ। इसमें अलग–अलग स्कूलों के 100 (ग्रुप A से 50 और ग्रुप B से 50) छात्रों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता के प्रत्येक ग्रुप से 13–13 बच्चो को विजेता घोषित किया गया। प्रत्येक ग्रुप से प्रथम, द्वितीय, तृतीय और 10 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

**ग्रुप A –**

**प्रथम पुरस्कार –** राजवीर सिंह, जेकेपीपीएस, मिरान साहिब

**द्वितीय पुरस्कार –** विराजय सिंह, साई इंटरनेशनल स्कूल, हीरानगर

**तृतीय पुरस्कार –** अनन्या चौहान, हेरिटेज स्कूल, सैनिक कॉलोनी

**ग्रुप B –**

**प्रथम पुरस्कार –** वामिका, साई इंटरनेशनल स्कूल, हीरानगर

**द्वितीय पुरस्कार –** भविश सिंह मनहास, जेएनवी गहरोतरा

**तृतीय पुरस्कार –** आदर्श भगत, जेकेपीपीएस, मिरान साहिब

इस मौके पर, श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू का संदेश पढ़ा गया जिसमें उन्होंने सभी जीतने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने बिजली बचाने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि यह बिजली बनाने के बराबर ही है। छात्रों ने अपनी पेंटिंग्स के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश अच्छे से दिया। आइए हम सब इस कैंपेन में शामिल हों और एनर्जी बचाने की कोशिश करें और एनर्जी बचाने का फर्ज अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाएँ।

पेंटिंग्स का मूल्यांकन बीईई गाइडलाइंस के अनुसार आर्ट और कल्चर के क्षेत्र में जाने–माने लोगों की पांच सदस्यों वाली जूरी ने किया, जिसमें श्रीमती मिलन शर्मा, श्री संतोष राज टिकू, श्री जंग एस.वर्मन, श्री अकरम खान और श्री रोहित वर्मा शामिल थे। इस अवसर पर श्री सतनाम सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) और श्री आर. पी. मौर्या, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने जीतने वाले स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट और सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन के साथ प्राइज मनी भी दी।

इस मौके पर श्री रजनीश कुमार– नोडल ऑफिसर, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ–साथ अलग–अलग स्कूलों के स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स भी मौजूद थे।

## किशनगंगा पावर स्टेशन

# एनएचपीसी किशनगंगा पावर स्टेशन द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

एनएचपीसी किशनगंगा पावर स्टेशन द्वारा 27.11.2025 को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर 2025–26) पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट बॉयज स्कूल, करालपोरा, बांदीपोरा में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजेश रंजन द्वारा किया गया। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 260 स्थानीय नागरिकों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या उल्लेखनीय रही। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। यह आयोजन स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




## चुटक पावर स्टेशन

# एनएचपीसी चुटक पावर स्टेशन में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

एनएचपीसी चुटक पावर स्टेशन में 26 व 27 नवंबर 2025 को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री रमाकांत मलिक द्वारा किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा पावर स्टेशन के कार्मिकों, संविदाकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों की बीएमआई, रक्तचाप और शुगर की जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य में सुधार एवं जीवनशैली से संबंधित आवश्यक परामर्श भी प्रदान किए गए। इस शिविर में कुल 180 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई।



## क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत

# कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय से शिष्टाचार भेंट




श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने 13 अक्तूबर 2025 को निगम मुख्यालय फरीदाबाद में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान कार्यपालक निदेशक ने बनीखेत क्षेत्र में एनएचपीसी के विभिन्न पावर स्टेशनों के संचालन एवं प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी की वर्ष-2025 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जिला चम्बा में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी की वर्ष–2025 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन दिनांक 29.12.2025 को एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वीयन समिति, डलहौजी ने की। बैठक का शुभारंभ श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष नराकास, डलहौजी, श्री राजिल व्यास, चमेरा–III पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल, सेवा–II पावर स्टेकशन प्रमुख, श्री शिव प्रसाद राठौर, चमेरा–I पावर स्टेचशन प्रमुख, डा. रणबीर सिंह राठी, महाप्रबंधाक (चिकित्सा सेवाएं) और श्री रजिंदर सिंह, उप समादेष्टा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, चमेरा–II व III ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।



बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह नराकास 'क' क्षेत्र में स्थित है और भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों को अपना सरकारी कार्य शत–प्रतिशत हिंदी में ही करना होता है, इसलिए हमें अपने सरकारी कार्य में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। नगर राजभाषा कार्यान्वनयन समिति, डलहौजी का अध्यक्ष होने के नाते मैं चाहूंगा कि नराकास स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन गतिविधियां निरंतर बढ़ती रहें। हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय पहचान भी है। यह हमारी संस्कृति और संस्कारों की भाषा है। हिंदी में काम करना न केवल हमारा संवैधानिक दायित्व है, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है।

इस बैठक में जिला चम्बा में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए विभिन्न मदों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी के सदस्य सचिव, श्री देश राज ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्यतः नराकास का गठन, उद्देश्य, संचालन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा पत्रिका 'हिम भाषा' का प्रकाशन, राजभाषा शील्डर, प्रोत्सोहन योजनाएं, नराकास स्तर पर हिंदी कार्यशालाओं और काव्य संगोष्ठी, आदि का आयोजन तथा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी महत्वपूर्ण मदों पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला चम्बा में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/शैक्षणिक संस्थानों/सुरक्षा बलों के प्रमुखों, प्रतिनिधियों एवं हिंदी अधिकारियों ने भाग लिया।

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा टैनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रायोजन

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा एनएचपीसी के स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान बनीखेत यूथ व स्पोर्ट्स क्लब द्वारा दिनांक 01 नवम्बर से 05 नवम्बर के दौरान आयोजित किए गए टैनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट को प्रायोजित किया गया। उक्त क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान बनीखेत के आसपास की कुल 05 टीमों 1) रंजीत क्रिकेट क्लब डलहौजी, 2) हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, सुरंगानी, 3) बार असोशिएशन डलहौजी, 4) बनीखेत यूथ क्लब, 5) एनएचपीसी बनीखेत नें भाग लिया।




बनीखेत के पद्धर खेल मैदान में उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय नें प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की तथा उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने व स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करने के लिए बहुत ही उचित माध्यम है तथा एनएचपीसी द्वारा इसी उद्देश्य इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को प्रायोजित किया गया है ।

क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान उपरोक्त 05 टीमों के मध्य विभिन्न नॉकआउट मैच खेले गए। प्रतियोगिता का पहला सेमी–फाइनल मैच एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत तथा बनीखेत यूथ क्लब बनीखेत की टीम के मध्य खेला गया जिसमें श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक

निदेशक महोदय की कप्तानी में एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। उक्त मैच के दौरान श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी अपने नाम की।

इसके उपरांत दूसरा सेमी फाइनल मैच हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, सुरंगानी (एचपीपीसीएल) तथा बार असोशिएशन डलहौजी की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, सुरंगानी की टीम विजयी रही। इस मैच के दौरान मैन एचपीपीसीएल की टीम के खिलाड़ी श्री सुभाष मैन ऑफ द मैच रहे।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत तथा हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, सुरंगानी की टीम के मध्य दिनांक 05.11.2025 को खेला गया जिसमें हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, सुरंगानी की टीम विजयी रही। फाइनल मैच के उपरांत विजेता टीम एचपीपीसीएल, सुरंगानी की टीम को श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने अपने कर कमलों से ट्रॉफी प्रदान की। उप विजेता टीम एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की टीम को बनीखेत यूथ क्लब के सदस्यों श्री विश्वजीत, श्री पार्थ शर्मा द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह में एचपीपीसीएल सुरंगानी की टीम के खिलाड़ी श्री सुभाष को फाइनल मैच के दौरान बेहतरीन बैटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच तथा प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन बैटिंग के लिए मैन ऑफ द सिरीज का खिताब प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन बोलिंग के लिए एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की टीम के सदस्य श्री रमेश को बेस्ट बोलर ऑफ द सिरीज का खिताब प्रदान किया गया।

उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के दिन बनीखेत यूथ क्लब वारीअर्स (बीवाईसी वारीअर्स) तथा हिमाचल प्रदेश क्रिकेट असोशिएशन अकैडमी बनीखेत (एचपीसीए टाइटन्स) की अंडर–19 टीमों के मध्य एक मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया जिसमें एचपीसीए टाइटन्स की टीम विजेता रही। विजेता टीम के सदस्यों को भी श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा अपने कर कमलों से ट्रॉफी प्रदान की गई।

## चमेरा पावर स्टेशन-I

### माननीय स्पीकर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी का चमेरा पावर स्टेशन-I दौरा



माननीय स्पीकर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी ने दिनांक 06.09.2025 को समलेउ, खैरी व आस–पास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया व चमेरा पावर स्टेशन–I का भी दौरा किया। इस अवसर पर श्री एस.पी. राठौर, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा पावर स्टेशन–I ने माननीय स्पीकर श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा पारंपरिक हिमाचली टोपी, शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया।

माननीय स्पीकर महोदय ने उपस्थित जन समूह की समस्याओं को सुना व उनके शीघ्र निदान हेतु सभी विभागों से उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होने विशेषतः एनएचपीसी, चमेरा पावर स्टेशन–I द्वारा इस आपात स्थिति में किए जा रहे राहत कार्यों की सराहना की।

पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया तथा एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे अन्य जनहित कार्यों के बारे में भी माननीय स्पीकर महोदय को अवगत कराया व हिमाचल सरकार से भी सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर माननीय स्पीकर महोदय ने पौधारोपण भी किया।

महाप्रबंधक (सिविल) श्री दीपक कुमार, एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि व आम नागरिक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत श्री ओम प्रकाश का चमेरा पावर स्टेशन-I दौरा

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत श्री ओम प्रकाश जी ने दिनांक 11.09.2025 को चमेरा पावर स्टेशन–I का दौरा किया। चमेरा पावर स्टेशन–I में पहुँचने पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस.पी. राठौर ने परियोजना अतिथि गृह में पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ द्वारा कार्यपालक निदेशक महोदय को सलामी दी गई। पावर स्टेशन प्रमुखमहोदय ने कार्यपालक निदेशक महोदय को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यपालक निदेशक महोदय ने चमेरा पावर स्टेशन–I के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के आरंभ में पावर स्टेशन प्रमुख ने




कार्यपालक निदेशक महोदय का पावर स्टेशन आगमन पर आभार व्यक्त किया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 540 मेगावाट का चमेरा पावर स्टेशन–I, खैरी एनएचपीसी लिमिटेड का एक आदर्श एवं आधुनिक पावर स्टेशन है। उन्होने सभी कार्मिकों से निरंतर सुधार, कौशल विकास और एनएचपीसी के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया और पावर स्टेशन को अधिक बुलंदियों तक पहुंचाने में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने नवनियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों व प्रशिक्षु अभियंताओं से भी चर्चा की। उन्होने चमेरा–I के गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा की तथा उचित मार्गदर्शन किया। बैठक में चमेरा पावर स्टेशन–I पर एक प्रस्तुतीकरण भी सम्मेलन कक्ष में दिखाया गया। तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक महोदय ने पौधारोपण किया और चमेरा पावर स्टेशन–I का राजभाषा निरीक्षण भी किया।

तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक महोदय ने पावर हाऊस तथा चमेरा–I बाँध का दौरा किया। इसके साथ उन्होंने बरसात के कारण पावर स्टेशन की विभिन्न साइटस में हुए नुकसान का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर श्री कबिराज नायक, महाप्रबंधक (विद्युत) तथा श्री दीपक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) सहित चमेरा पावर स्टेशन–I के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चमेरा पावर स्टेशन-I में हिंदी पखवाड़ा- 2025 का आयोजन

चमेरा पावर स्टेशन–I में 14 से 29 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस.पी. राठौर की ओर से अपील भी जारी की गई। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हिंदी दिवस के दिन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सामूहिक तौर पर महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीवीशन सेंटर, गांधी नगर, गुजरात से किया।

पखवाड़े के दौरान प्रशासनिक भवन, पावर हाउस तथा बांध परिसर में बैनर लगाए गए तथा चमेरा पावर स्टेशन–I के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। उप महाप्रबंधक एवं इससे उच्च आधिकारियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी शब्दावली एवं अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी नोटिंग–ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता, हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए सृजनात्मक कहानी लेखन प्रतियोगिता तथा पावर हाउस तथा बाँध परिसर के कार्मिकों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार हेतु पखवाड़े के दौरान "भारतीय भाषाओं के सौहार्द" पर काव्य संगोष्ठीज का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 24.09.2025 को हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्‌घाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस.पी. राठौर ने किया। इस प्रदर्शनी में हिंदी में प्रकाशित महत्वपूर्ण किताबों को रखा गया, जिसमें शब्दकोश, जीवन परिचय, कहानियां, जीवन दर्शन, प्रेरक पुस्तकें व हिंदी के जाने माने लेखकों मुंशी प्रेमचंद, रवीन्द्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, अमृता प्रीतम, हरिवंश राय बच्चन की किताबें रखी गई। पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने सभी कार्मिकों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार होती हैं और अच्छी पुस्तकें जीवन में नैतिक मूल्यों की शिक्षा देकर एक बेहतर व्यक्ति और नागरिक बनने में मदद करती हैं।



**हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस. पी. राठौर तथा अन्य अधिकारी गण**

दिनांक 29.09.2025 को पावर स्टेशन प्रमुख महोदय की अध्यक्षता में समीक्षा एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चमेरा पावर स्टेशन–I के सभी विभागाध्यक्षों पखवाड़े के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं पर चर्चा की गई। बैठक में तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा राजभाषा की महत्वपूर्ण मदों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

दिनांक 30.09.2025 को हिंदी पखवाड़े का मुख्य समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में केंद्रीय विद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समलेऊ के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्री एस.पी. राठौर, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा पावर स्टेशन–I द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। कोई भी देश स्वभाषा के बिना अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व को मौलिक रूप से परिभाषित नहीं कर सकता। हिंदी हर भारतीय के हृदय से जुड़ी हुई भाषा है और यही कारण है कि हिंदी के प्रयोग में आत्मीयता का अहसास होता है।

हिंदी भारत की सर्वाधिक सरल, सहज तथा व्यवहारिक भाषा होने के कारण राजभाषा के पद पर सुशोभित है। उन्होने कहा कि सभी अपने दैनिक कार्यों में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा इसे केवल एक पखवाड़े तक ही सीमित न रखें। इस दौरान माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, माननीय विद्युत मंत्री एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक तथा माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता जी के संदेश भी पढ़े गए। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (विद्युत), श्री आशुतोष स्वर्णकार, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री श्रवण सिंह, उप महाप्रबंधक (विधि), श्रीमती वंदना भूटानी सहित चमेरा पावर स्टेशन–I के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

# सेवा-II पावर स्टेशन

## विशेष अभियान 5.0 (02.10.2025 से 31.10.2025) हेतु दिशा निर्देश एवं विशेष अभियान हेतु डीएआरपीजी के दिशा निर्देशों के अनुसार की जाने वाली कार्यवाही सेवा-II पावर स्टेशन ने की




## सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा सी.एच.सी बसोहली कठुआ (जम्मू व कश्मीर) के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया

सेवा–II पावर स्टेशन ने दिनांक 14.11.2025 को सेवा–II डिस्पेंसरी में एनएचपीसी लिमिटेड के 51वें एन.एच.पी.सी. स्थापना दिवस के अवसर पर सी.एच.सी बसोहली कठुआ (जम्मू व कश्मीर) के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य इलाके के आस पास के क्षेत्रों, विशेष रूप से माश्का व तहसील बसोहली के निवासियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में कुल 23 यूनिट का रक्त दान किया गया।



इस शिविर का उद्‌घाटन सेवा–II पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदनलाल शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ श्री कल्पतरु नायक, महाप्रबंधक (विद्युत), समूह उप महाप्रबंधक (वित्त) श्री सुनील कुमार ,उप महाप्रबंधक (विद्युत), श्री असित रंजन पटनायक, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आर. के. चिन्तन तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर में पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा ऐसे मानवता–सेवी कार्यों के लिए सेवा–II पावर स्टेशन मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे भाग लेने बाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सराहना की।

डॉ. आर. के. चिन्तन के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा–II डिस्पेंसरी में किया गया। इस आयोजन में एनएचपीसी के कार्मिक व स्थानीय निवासियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया

# सेवा-II पावर स्टेशन को निगम मुख्यालय में 'एनएचपीसी राजभाषा शील्ड योजना' वर्ष 2024-2025 के लिए 'ग' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

एनएचपीसी लिमिटेड, निगम मुख्यालय में सेवा–II पावर स्टेशन को "एनएचपीसी राजभाषा शील्ड योजना" वर्ष 2024–2025 के लिए "ग" क्षेत्र में दिनांक 16.12.2025 को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजभाषा शील्ड अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता जी के कर कमलों से पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा ने प्राप्त की।

यह शील्ड राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रयोग, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के बढ़ते उपयोग, तथा कार्मिकों द्वारा हिंदी में कार्य निष्पादन के उत्कृष्ट प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदान की गई है।




## क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी

# निदेशक (तकनीकी) महोदय, एनएचपीसी लिमिटेड का क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी का दौरा

दिनांक 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) महोदय श्री सुप्रकाश अधिकारी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति सोमा अधिकारी महोदया ने क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी का दौरा किया। उनके आगमन पर श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्र–सिलीगुड़ी के मार्गदर्शन में श्री भागमत मरांडी महाप्रबंधक (सिविल), श्री शरद चंद्र, महाप्रबंधक (वित्त), एवं श्री रमेश चंद्रदास महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने उनका हार्दिक स्वागत किया।



इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) महोदय एवं उनकी धर्मपत्नी महोदया ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने दौरे के दौरान निदेशक (तकनीकी) महोदय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया और सभी को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्री एम जी गोखले, सदस्य (हाइड्रो), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी ई ए) का क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी का दौरा

दिनांक 08 एवं 09 नवंबर 2025 को श्री एम जी गोखले, सदस्य (हाइड्रो), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी ई ए) ने क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी का दौरा किया। बागडोगरा एयरपोर्ट आगमन पर उनका स्वागत श्री भागमत मरांडी, महाप्रबंधक (सिविल) ने किया। उनके साथ श्री रमेशचंद्र दास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं एनएचपीसी के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री एम जी गोखले एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति गोखले का क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी गेस्ट हाउस आगमन पर उनका स्वागत श्री शरदचंद्र, महाप्रबंधक (वित्त) ने किया। उनके साथ श्री भागमत मरांडी, महाप्रबंधक (सिविल), श्री रमेशचंद्र दास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं एनएचपीसी के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी के अंतर्गत आने वाले परियोजनाओं तथा पावर स्टेशनों के बारे में जानकारी ली।

दिनांक 09 नवंबर 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी के गेस्ट हाउस परिसर में श्री एम जी गोखले, सदस्य (हाइड्रो), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी ई ए) एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति गोखले ने वृक्षारोपण भी किया।

श्री एम जी गोखले, सदस्य (हाइड्रो), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी ई ए) क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी के गेस्ट हाउस परिसर में वृक्षारोपण करते हुए

## वुमेन इन पावर सैक्टर (विप्स) प्रकोष्ठ ने एनएचपीसी के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

वुमेन इन पावर सैक्टर (विप्स) प्रकोष्ठ ने एनएचपीसी के सहयोग से 19–20 दिसंबर 2025 को एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी में "महिला नेतृत्व एवं सशक्तिकरण" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनएचपीसी लिमिटेड में समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा अनुकूल कार्य वातावरण के सृजन के उद्देश्य से, एनएचपीसी प्रबंधन के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती रेशमा हेमराजानी, कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं अध्यक्षा, विप्स प्रकोष्ठ–एनएचपीसी, डॉ. सतरूपा भट्टाचार्य, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) एवं महासचिव, विप्स प्रकोष्ठ–एनएचपीसी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, पावर स्टेशनों एवं कार्यालयों से आईं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की तथा यह मूल्यवान अवसर प्रदान करने के लिए प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।




## तीस्ता–V पावर स्टेशन

## एनएचपीसी तीस्ता-V पावर स्टेशन ने ऊर्जा दक्षता पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया




एनएचपीसी तीस्ता–V पावर स्टेशन ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के तत्वावधान में 15.11.2025 को गंगटोक, सिक्किम में ऊर्जा दक्षता पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। श्री सोनम डेनजोंगपा, प्रिंसिपल डायरेक्टर, शिक्षा विभाग, सिक्किम सरकार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में समूह A और B से कुल 1198 छात्रों ने भाग लिया। प्रत्येक समूह से तीन छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि महोदय द्वारा श्री जितेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, एनएचपीसी तीस्ता–V पावर स्टेशन की उपस्थिति में किया गया।

# एनएचपीसी तीस्ता-V पावर स्टेशन ने सीएसआर योजना के अंतर्गत लोअर नाम्फिंग कल्याण समाज को एक एम्बुलेंस सौंपी

एनएचपीसी तीस्ता–V पावर स्टेशन, बालूतार, गंगटोक (सिक्किम) द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत 25 अक्टूबर 2025 को दक्षिण सिक्किम के आदर्श गांव के लोअर नाम्फिंग कल्याण समाज को एक मारुति इको वैन एम्बुलेंस सौंपी गई। यह एम्बुलेंस तीस्ता–V पावर स्टेशन के पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेन्द्र कुमार द्वारा सिक्किम के माननीय विधायक (तेमी–नाम्फिंग विधानसभा क्षेत्र) की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान की गई। इस अवसर पर माननीय विधायक महोदय ने सामुदायिक कल्याण के लिए एनएचपीसी के निरंतर प्रयासों तथा जलविद्युत उत्पादन और सीएसआर पहलों के माध्यम से सिक्किम के विकास में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।



## लोकतक परियोजना

# श्री गुरशरण सिंह, परियोजना प्रमुख, लोकतक परियोजना ने मणिपुर के माननीय राज्यपाल श्री अजय कुमार भल्ला से शिष्टाचार भेंट की



श्री गुरशरण सिंह, परियोजना प्रमुख, लोकतक परियोजना, एनएचपीसी लिमिटेड ने इम्फाल स्थित राजभवन में मणिपुर के माननीय राज्यपाल श्री अजय कुमार भल्ला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने माननीय राज्यपाल महोदय को परियोजना की गतिविधियों एवं चल रही पहलों के बारे में अवगत कराया। माननीय राज्यपाल महोदय ने क्षेत्रीय विकास में एनएचपीसी के योगदान की सराहना की तथा निरंतर सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

# श्री गुरशरण सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएचपीसी लोकतक पावर स्टेशन ने श्री पुनीत कुमार गोयल, मुख्य सचिव, मणिपुर सरकार से शिष्टाचार भेंट

श्री गुरशरण सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएचपीसी लोकतक पावर स्टेशन ने श्री पुनीत कुमार गोयल, मुख्य सचिव, मणिपुर सरकार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मणिपुर सरकार के विद्युत सचिव श्री सैलेश चौरसिया भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान लोकतक परियोजना के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण तथा इससे संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समीक्षा में लोकतक डाउनस्ट्रीम हाइड्रोइलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एलडीएचसीएल), जो मणिपुर सरकार और एनएचपीसी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उपक्रम है,की वर्तमान स्थिति भी शामिल रही। श्री गुरशरण सिंह ने बैठक के दौरान परियोजना से जुड़ी कुछ चुनौतियों से भी अवगत कराया। मुख्य सचिव महोदय ने एनएचपीसी और एलडीएचसीएल के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य की पहलों के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



# क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 27 अक्टोबर से 02 नवम्बर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 हर्षोल्लास मनाया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत 04 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें 44 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। इन प्रतियोगिताओं के 24 विजेताओं को एनएचपीसी के माननीय मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार द्वारा दिनांक 04 नवंबर 2025 को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सभी कार्मिकों को संबोधित किया तथा सभी कार्मिकों को अपने कार्यशैली में ईमानदारी तथा पारदर्शिता अपनाने पर बल दिया और जागरूक किया। उन्होने कहा कि हम सभी को मिलकरसतर्क औरजागरूक हो कर सतर्कता संबंधी नियमों का पालन करते रहना है।

सतर्कता सप्ताह–2025 की विधिवत शुरुआत दिनांक 27 अक्तूबर, 2025 को कार्यालय परिसर में कार्यपालक निदेशक, श्री आदित्य गौतम द्वारा सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाकर की गयी थी। इस अवसर पर निगम मुख्यालय द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में वेब–कास्टिंग के माध्यम से सभी कार्मिक शामिल हुए थे। कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर व्याखान दिया, जिसमें उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी व सतर्कता के महत्व के बारे में बताया।

## क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में काव्य गोष्ठी



क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने स्वर्ण जयंती के उपलक्षय में आवासीय परीसर सेक्टर 42 में काव्य गोष्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के कवियों ने अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की, जिसमे हास्य, व्यंग कटाक्ष आदि विचारों पर प्रस्तुति दी गई। सभी कवियों ने कार्मिकों एवं उनके परिजनों को अपनी प्रतिभा एवं हास्य कविताओं से भाव विभोर कर दिया।

## क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण डॉ राकेश प्रसाद, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (पुस्तकालय) तथा श्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) द्वारा दिनांक 29.12.2025 को दिया गया।



# क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में आईएसओ-आईएमएस (आईएसओ- 9001-14001-45001) जागरूकता व प्रबंधन समीक्षा सत्र का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम की अध्यक्षता में दिनांक 21.11.2025 को आईएसओ–आईएमएस (आईएसओ–9001–14001–45001) जागरूकता व प्रबंधन समीक्षा सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन में गुणवत्ता, दक्षता तथा सतत सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करना था।




इस जागरुगता कार्यक्रम में श्री अनुराग चौधरी, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा आईएसओ 9001 (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली), आईएसओ 14001 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली) तथा आईएसओ 45001 (व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) जैसे प्रमुख मानकों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस दौरान कार्मिकों को मानक आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण प्रक्रिया, आंतरिक ऑडिट तकनीकों तथा आईएसओ के माध्यम से संगठनात्मक प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

इस बैठक में कार्यपालक निदेशक आदित्य गौतम द्वारा वर्तमान प्रबंधन प्रणालियों के प्रदर्शन की समीक्षा, ऑडिट रिपोर्टों का विश्लेषण, उपभोक्ता/हितधारक प्रतिक्रिया का मूल्यांकन तथा सुधार के अवसरों पर चर्चा की गई। संगठन की कार्यकुशलता को और बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

## टनकपुर पावर स्टेशन

# एनएचपीसी की सीएसआर योजना के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण सम्पन्न

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर–एसडी) योजना के तहत जनहित में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के कर–कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में चंपावत जिले के जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री ऋषि रंजन आर्य, वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने एनएचपीसी द्वारा क्षेत्रीय विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, सरकारी व निजी संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से ही राज्य का समग्र विकास संभव है। एनएचपीसी की ये पहल जनहित के लिए अत्यंत सराहनीय है। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर–एसडी) योजना के तहत चूका गांव, टनकपुर (जिला चंपावत) में माता पूर्णागिरी यात्रा हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रु. 231 लाख की लागत से आधुनिक यात्री विश्राम शेड का शिलान्यास किया। यह सुविधा हजारों यात्रियों को वर्ष भर बेहतर सुविधा प्रदान करेगी।

रु. 102 लाख की लागत से टनकपुर पावर स्टेशन के मुख्य गेट से लेकर पाटनी तिराहा बनबसा तक की सड़क की निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस की परियोजना से स्थानीय लोगों एवं यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत डेविड पेंटर स्कूल, गुदमी में दो अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिसकी कुल लागत रु. 16 लाख रही। इससे विद्यालय में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अतिरिक्त कक्षीय सुविधा प्राप्त होगी।

# श्री आनन्दबर्द्धन, मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार का टनकपुर पावर स्टेशन का दौरा

टनकपुर पावर स्टेशन में दिनाँक 01.12.2025 को श्री आनन्दबर्द्धन, मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार आगमन पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री ऋषि रंजन आर्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ माननीय मुख्य सचिव महोदय का स्वागत किया। इस अवसर पर कुमाऊं के कमिश्नर श्री दीपक रावत, चंपावत के जिला अधिकारी, श्री मनीष कुमार सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पावर स्टेशन प्रमुख ने माननीय मुख्य सचिव महोदय को टनकपुर पावर स्टेशन के संचालन तंत्र, ऊर्जा उत्पादन क्षमता, रखरखाव व्यवस्था, वाटर मैनेजमेंट सिस्टम तथा तकनीकी आधुनिकीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आगामी समय में लागू की जाने वाली क्षमता–वृद्धि परियोजनाओं, हरित ऊर्जा पहल, सुरक्षा सुधार उपायों और स्थानीय समुदाय से जुड़ी सीएसआर गतिविधियों के



बारे में भी अवगत कराया। इस दौरे के दौरान माननीय मुख्य सचिव महोदय ने टनकपुर बैराज का भ्रमण किया।

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) का टनकपुर पावर स्टेशन में आगमन

श्री रंजन कुमार मिश्र (आईएफएस) प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्य जीव), उत्तराखंड दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के भ्रमण पर आए। राज्य वन विभाग के अधिकारी श्रीमती तेजस्विनी पाटिल, मुख्य वन संरक्षक, श्री चन्द्र शेखर जोशी, वन संरक्षक, श्री कुन्दन कुमार, डीएफओ (हल्द्वानी), श्री हिमांशु बागड़ी, डीएफओ (तराई पूर्वी), श्री आशुतोष सिंह डीएफओ (पिथौरागढ़/चंपावत) भी श्री रंजन कुमार मिश्र के साथ थे। पावर स्टेशन परिसर में आगमन पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री ऋषि रंजन आर्य ने परंपरागत ढंग से सभी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जावेद अंसारी, महाप्रबन्धक (विद्युत) सहित पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



प्रधान मुख्य वन संरक्षक महोदय से मुलाकात के दौरान पावर स्टेशन महोदय ने पावर स्टेशन के प्रमुख स्थलों जैसे पावर हाउस, स्विच यार्ड, बैराज परिसर, एवं इंडो–नेपाल कैनाल आदि के संबंध मे अवगत कराया तथा पावर स्टेशन द्वारा चलाई जा रही सीएसआर गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि एनएचपीसी के सीएसआर एसडी के अंतर्गत वन विभाग हल्द्वानी को रूपये 27 लाख की लागत से 02 रेसक्यू वाहन प्रदान किए जाने की मंजूरी प्राप्त हुई है। यथाशीघ्र ये वाहन वन विभाग हल्द्वानी को उपलब्ध करा दिये जाएंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक महोदय ने बनबसा क्षेत्र के विकास में पावर स्टेशन द्वारा दिये जा रहे योगदान की सराहना की तथा वन विभाग को दिये जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# टनकपुर पावर स्टेशन में नि:शुल्क मासिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

दिनांक 18.12.2025 को टनकपुर पावर स्टेशन के चिकित्सालय परिसर, बनबसा में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग



से एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री ऋषि रंजन आर्य, पावर स्टेशन प्रमुख के कर–कमलों से सम्पन्न हुआ। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मो. जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत) सहित पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध करने के उद्देश्य से पावर स्टेशन में नियमित रूप से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस चिकित्सा शिविर में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से आए डॉ. ईशान गुप्ता (सलाहकार – श्वसन रोग) एवं डॉ. मोहम्मद इरतजा (पेट रोग विशेषज्ञ) ने चिकित्सा जाँच कर सुझाव दिये। इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. देवेंद्र शर्मा व पावर स्टेशन अस्पताल की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पावर स्टेशन में पदस्थ कार्मिकों उनके परिवार के सदस्यों, केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ में तैनात जवानों एवं स्थानीय लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर से कुल 56 लोग लाभान्वित हुए।

## श्रीमती गीता धामी का टनकपुर पावर स्टेशन में आगमन

दिनांक 24.112025 को माननीया श्रीमती गीता धामी धर्मपत्नी श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री उतराखंड के टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा में आगमन पर पावर स्टेशन प्रमुख,श्री ऋषि रंजन आर्य ने पौधा व शाल भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्रीमती धामी उन्नति संकुल संघ, बमनपुरी के द्वारा पावर स्टेशन परिसर में आयोजित एक दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कार्यशाला के मुख्य अतिथि के तौर पर पावर स्टेशन में पधारी थी। श्रीमती धामी ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, चंपावत एवं मुख्य विकास अधिकारी, चंपावत के अतिरिक्त कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। पावर स्टेशन प्रमुख ने माननीया श्रीमती धामी को पावर स्टेशन द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों के



बारे में अवगत कराया।

## टनकपुर पावर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित




होटल अमरदीप हल्द्वानी में दिनांक 28.11.2025 को सम्पन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति छमाही बैठक के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए टनकपुर पावर स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गाजियाबाद से इस बैठक में विशेष रूप से पधारे श्री छबील कुमार मेहर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के कर कमलों से यह पुरस्कार टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री ऋषि रंजन आर्य को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नराकास, हल्द्वानी के अध्यक्ष श्री विशाल सक्सेना तथा नराकास हल्द्वानी के अंतर्गत आने वाले सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख व राजभाषा प्रभारी व नराकास द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता कार्मिक भी उपस्थित थे।

इस बैठक में नराकास की पत्रिका कुमाऊँ दर्पण का विमोचन किया गया तथा सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके अतरिक्त एनएचपीसी में राजभाषा की प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में प्रस्तुति भी दी गई।

## टनकपुर पावर स्टेशन में 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 27.11.2025 को टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के रिद्धम हॉल में कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्य निधि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु क्षेत्रीय कार्यालय ईपीएफओ हल्द्वानी से आए अधिकारियों ने 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में



एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित ठेकेदार एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ईपीएफओ अधिकारियों ने कर्मचारियों को पीएफ अकाउंट, यूएएन लिंकिंग, केवाईसी अपडेट, ऑनलाइन क्लेम प्रक्रिया, एवं पेंशन से संबंधित प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। कर्मचारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं और प्रश्नों का मौके पर ही समाधान किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम कर्मचारियों को भविष्य निधि से जुड़ी सुविधाओं को समझने में अत्यंत सहायक होते हैं। ईपीएफओ टीम और एनएचपीसी प्रबंधन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए कर्मचारियों ने धन्यवाद जताया।

# टनकपुर पावर स्टेशन में भूकंप संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 15 नवम्बर 2025 को एनएचपीसी एवं सीआईएसएफ के कार्मिको का संयुक्त भूकंप संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रसाशनिक भवन परिसर में किया गया। भवन में लगे हुटर के बजने पर पूरा भवन खाली कराया गया और सभी कार्मिक निर्धारित स्थान पर एकत्रित हुए। मॉकड्रिल में अस्पताल व सीआईएसएफ के जवानो का सहयोग प्राप्त किया गया। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य भूकंप जैसी आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए संस्थान में उपलब्ध संसाधनों और तैयारियों को परखना था। मॉकड्रिल का आयोजन बहुत ही सफल रहा तैयारियो में किसी प्रकार की कमी नहीं पाई गई।



# टनकपुर पावर स्टेशन में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा निगम मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 14.09.2025 से 29.09.2025 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। हिन्दी पखवाड़े के दौरान कार्मिको हेतु विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं, हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी, हिन्दी कार्यशाला तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आदि का आयोजन किया गया। हिन्दी प्रतियोगिताओ तथा अन्य कार्यक्रमों में पावर स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। हिन्दी दिवस के अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख महोदय की ओर से एक संदेश भी जारी किया गया, जिसमें उन्होने पावर स्टेशन को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करने की आपील की।

हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ राजभाषा विभाग द्वारा गुजरात में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा किया गया। पावर स्टेशन स्तर पर इस दिन पावर स्टेशन की ओर से संदेश जारी किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए गए। 18.09.2025 को हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन पावर स्टेशन महोदय के कर कमलों से हुआ तथा पावर स्टेशन के कार्मिकों ने हिन्दी पुस्तकों का अवलोकन किया और अपनी पसंद की हिन्दी पुस्तकें पढ़ने के लिए जारी करवाई। इसके बाद हिन्दी समन्वयकों के लिए हिन्दी कार्यशाला, उच्च अधिकारियों के लिए ऑनलाइन हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी नोटिंग ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता, हिन्दी शब्दावली प्रतियोगिता, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता, हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा बैराज और पावर हाउस परिसर में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिन्दी प्रश्न मंच आदि का आयोजन किया गया। हिन्दी प्रतियोगिताओं में लगभग 100 से अधिक कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने हिन्दी ज्ञान का प्रदर्शन किया। दिनांक 27.09.2025 को पावर स्टेशन प्रमुख महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी पखवाड़े के दौरान विशेष रूप से हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई।



हिन्दी पखवाड़े का मुख्य समारोह दिनांक 29.09.2025 को पावर स्टेशन के रिद्दम हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद सभी ने एनएचपीसी गीत गया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दिवस के अवसर पर माननीय गृहमंत्री, माननीय ऊर्जा मंत्री व ऊर्जा राज्य मंत्री, माननीय अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक तथा पावर स्टेशन प्रमुख महोदय की ओर से जारी संदेशों को पढ़ा गया। इस समारोह में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हिन्दी प्रतियोगताओं के विजेता कार्मिकों को पावर स्टेशन द्वारा हिन्दी पुस्तकें व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्मिकों को संबोधित करते हुए पावर स्टेशन महोदय ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारा पावर स्टेशन विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी के सामूहिक प्रयास से हम राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी उच्चतम स्थान प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (विद्युत) महोदय ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्मिकों से कार्यालायीन कार्यों के साथ साथ दैनिक व्यवहार में भी हिन्दी का प्रयोग करने कि अपील की। कार्यक्रम की समाप्ति पर हाल में उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाया।

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II

## एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का आयोजन




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को नगवाई कार्यालय परिसर में "राष्ट्रीय एकता दिवस" का आयोजन किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक (सिविल) श्री राजीव अनुज शर्मा ने नगवाई कार्यालय परिसर में कार्मिकों 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।इस मौके पर एक विशेष कार्यक्रम "रन फॉर यूनिटी" का भी आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना के कार्मिकों ने भाग लिया।

# धौलीगंगा पावर स्टेशन

## धौलीगंगा पावर स्टेशन में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' 2025 का आयोजन

धौलीगंगा पावर स्टेशन में दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह, ऊर्जा एवं सहभागिता के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एकता प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें धौलीगंगा पावर स्टेशन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिज्ञा का नेतृत्व श्री अजय टम्टा, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री एम. कन्नन एवं महाप्रबंधक (विद्युत) श्री मोहम्मद आजम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री अजय टम्टा ने एनएचपीसी द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा सभी कर्मचारियों को उनके समर्पण, निष्ठा और देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान हेतु शुभकामनाएँ दीं। तथा उन्होंने सबको संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के सम्मान में मनाया जाता है, उन्हें एकता का प्रतीक कहा जाता है क्योकि उन्होंने देश को एकजुट करने में ऐतिहासिक योगदान दिया था। यह दिवस देशवासियों को एकता और अखंडता के महत्व का संदेश देता है, जो एक सशक्त और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इसी क्रम में धौलीगंगा पावर स्टेशन में "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत प्रशासनिक परिसर से हुई। इस दौड़ में सभी कार्मिकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शपथ समारोह एवं (रन फॉर युनिटी) – दोनों कार्यक्रमों में धौलीगंगा पावर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) का धौलीगंगा पावर स्टेशन का दौरा

श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त), श्री अनुज कपूर, कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं श्री मुकेश बंसल, पार्टनर मेसर्स एस.एन. धवन एंड कंपनी, एलएलपी, सनदी लेखाकार, एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के द्वारा दिनांक 13 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक धौलीगंगा पावर स्टेशन का दौराकिया गया। श्री प्रणव कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक (वित्त) भी उनके साथ थे।



दिनांक 13 नवंबर 2025 को धौलीगंगा पावर स्टेशन पहुंचने पर निदेशक (वित्त), कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक का भव्य स्वागत धौली निकेतन अतिथि गृह में किया गया। पावर स्टेशन प्रमुख श्री एम. कन्नन के नेतृत्व में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हे पुष्पगुच्छ देकर पारंपरिक शैली में अतिथियों का स्वागत किया गया।

दिनांक 14 नवंबर की सुबह सीआईएसएफ के जवानों द्वारा निदेशक (वित्त) को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत गणमान्य अधिकारियों द्वारा पावर हाउस का दौरा किया गया जहाँ उन्हें अगस्त, 2025 में भीषण भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्रों एवं पुनर्स्थापना संबंधी कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं वहाँ एक विस्तृत प्रस्तुति भी प्रदर्शित की गई, जिसमें पिछले मानसून के दौरान हुए भीषण भूस्खलन एवं बादल फटने की घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पावर हाउस निरीक्षण के पश्चात उन्होंने बाँध स्थल का दौरा किया यहाँ निदेशक (वित्त), कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

दोपहर में प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित औपचारिक बैठक एवं संवाद सत्र में सभी अधिकारियों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया। अपने संबोधन में पावर स्टेशन प्रमुख ने निदेशक (वित्त) के आगमन को प्रेरणादायक बताते हुए पिछले मानसून सीजन में आए भू–स्खलन और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख किया, उन्होंने सराहना की कि इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कर्मचारियों ने सतर्कता, टीम वर्क और निरंतर प्रयासों से उत्पादन को सुचारू रखा और संभावित बड़े नुकसान को टालते हुए उत्कृष्ट समर्पण का परिचय दिया।

निदेशक (वित्त) ने धौलीगंगा पावर स्टेशन में अपनी पूर्व तैनाती के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए, धौलीगंगा पावर स्टेशन में उत्कृष्ट नेतृत्व, टीम भावना और कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की एवं कठिन विपरीत परिस्थितियों में भी विद्युत उत्पादन बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए सभी को स्वस्थ, सकारात्मक मनोबल के साथ रहने और परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दी एवं कार्यपालक निदेशक (वित्त) ने कठिन परिस्थितियों में भी कर्मचारियों की कार्यनिष्ठा और अनुशासन की प्रशंसा की। इसी क्रम में बैठक के दौरान धौलीगंगा पावर स्टेशन के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सायंकाल में धौलीगंगा पावर स्टेशन के ऑफिसर्स क्लब द्वारा माननीय निदेशक (वित्त), कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में निदेशक (वित्त) महोदय ने सभी उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को उनके आदर सत्कार के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने संध्या को यादगार बना दिया।

निदेशक (वित्त) एवं कार्यपालक निदेशक (वित्त) का दौरा धौलीगंगा पावर स्टेशन के कर्मचारियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उनके मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन एवं सकारात्मक संवाद ने धौलीगंगा पावर स्टेशन के सभी कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

## क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर

# एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर ने बीईई चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर द्वारा 14.11.2025 को डॉर्जी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय बीईई चित्रकला प्रतियोगिता ऑन एनर्जी कंजर्वेशन–2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 91 छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि, श्री सोनम चोम्बे, आईआरएस, माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कमिश्नर एवं हाइड्रो पावर कमिश्नर, अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ–साथ पुलिस अधीक्षक, विशेष जांच दल, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने पुरस्कार प्रदान किए। चयनित छब्बीस (26) विजेताओं का मूल्यांकन एक नामित जूरी द्वारा किया गया।



# सुबनसिरी लोअर परियोजना

## सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मेगावाट) की यूनिट-3 (250 मेगावाट) का वेट कमिशनिंग प्रारंभ हुआ

एनएचपीसी के लिए गर्व और नव ऊर्जा के क्षण के साथ, 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट–3 (250 मेगावाट) का वेट कमिशनिंग 27.12.2025 को मशीन के सफल मैकेनिकल रन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना की तीसरी इकाई के कमीशनिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई।

इस अवसर पर श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, अरुणाचल प्रदेश सरकार एवं असम सरकार, एनएचपीसी के पूर्व नेतृत्व, सुबनसिरी परियोजना की टीम, कार्यान्वयन एजेंसियों, परियोजना भागीदारों तथा सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस उपलब्धि को एनएचपीसी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रमाण बताते हुए भारत के स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा दृष्टिकोण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।




उन्होंने श्री राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में कार्यरत सुबनसिरी टीम की सराहना की तथा शेष इकाइयों के समयबद्ध कमीशनिंग हेतु निरंतर प्रतिबद्धता बनाए रखने का आह्वान किया। यूनिट–3 के राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइज होने के साथ ही शेष पाँच इकाइयों (प्रत्येक 250 मेगावाट) का चरणबद्ध कमीशनिंग किया जाएगा। पूर्ण होने पर, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (8 x 250 मेगावाट) भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के रूप में स्थापित होगी।

## श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) ने सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ) ने 17–18 दिसंबर 2025 के दौरान 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। दौरे के दौरान श्री राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक व परियोजना प्रमुख ने उन्हें चल रही निर्माण गतिविधियों तथा कमीशनिंग की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

निदेशक (परियोजनाएँ) महोदय की उपस्थिती में दिनांक 18.12.2025 की मध्यरात्रि में 00:45 बजे यूनिट–2 (250 मेगावाट) के सफल ट्रायल रन किया गया, जो परियोजना के कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर उन्होंने सुबनसिरी लोअर परियोजना की संपूर्ण टीम को उनके अथक प्रयासों एवं समर्पण के लिए बधाई दी।

निदेशक (परियोजनाएँ) महोदय ने बांध, डायवर्जन टनल के इनलेट एवं आउटलेट क्षेत्रों तथा पावर हाउस का निरीक्षण किया, शेष कार्यों




की स्थिति की समीक्षा की, ठेकेदारों के साथ संवाद किया तथा सभी शेष गतिविधियों को निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सभी आठों इकाइयों का शीघ्र कमीशनिंग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने परियोजना टीम की प्रतिबद्धता की सराहना की तथा शेष इकाइयों के समयबद्ध कमीशनिंग हेतु इसी उत्साह को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना

## श्री नीरज कुमार, संयुक्त सचिव, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया

श्री नीरज कुमार, संयुक्त सचिव, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने 22.12.2025 को 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया तथा डायवर्जन टनल, पावर हाउस, परियोजना की सड़कों, पुलों एवं अन्य संबद्ध अवसंरचना सहित चल रहे निर्माण कार्यों



की प्रगति की समीक्षा की।

संयुक्त सचिव महोदय के परियोजना स्थल पर आगमन पर श्री नरेंद्र कुमार, कार्यकारी निदेशक एवं दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना प्रमुख द्वारा एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा ठेकेदारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उनका स्वागत किया गया। दौरे के दौरान श्री नीरज कुमार, संयुक्त सचिव महोदय ने निर्माण गतिविधियों का अवलोकन किया और टिप्पणी की कि इस तरह की विशाल परियोजना वास्तव में राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने संपूर्ण परियोजना टीम के समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की तथा परियोजना के सफल कमीशनिंग हेतु भारत सरकार की ओर से एनएचपीसी को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजना) ने 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया



श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजना), एनएचपीसी ने 18 से 19 दिसंबर 2025 के दौरान 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया तथा चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान परियोजना के महत्वपूर्ण घटकों, जिनमें डायवर्जन टनल, डीटी इनलेट, पावर हाउस कैवर्न, हेड रेस टनल (एचआरटी), परियोजना की सड़कें, पुल तथा अन्य संबद्ध अवसंरचनाओं का निरीक्षण किया गया।

निदेशक (परियोजनाएँ) महोदय के परियोजना स्थल पर आगमन पर श्री नरेंद्र कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना प्रमुख द्वारा वरिष्ठ परियोजना अधिकारियों की उपस्थिति में उनका स्वागत किया गया। उन्होंने परियोजना अधिकारियों एवं ठेकेदारों की टीम के साथ संवाद किया तथा समुचित सतर्कता के साथ परियोजना के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी हितधारकों के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर बल दिया।

# श्री नरेन्द्र कुमार, परियोजना प्रमुख, एनएचपीसी दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मेन से शिष्टाचार भेंट की

एनएचपीसी की 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत श्री नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक ने परियोजना के निवर्तमान कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री एल.के. त्रिपाठी के साथ 31.10.2025 को नामसाई में अरुणाचल प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मेन से शिष्टाचार भेंट की।

बैठक के दौरान श्री नरेन्द्र कुमार ने माननीय उपमुख्यमंत्री को परियोजना की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया तथा दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के विकास में अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



## सियांग लोअर परियोजना

# निदेशक (परियोजनाएँ), एनएचपीसी ने अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट स्थित एनएचपीसी सियांग लोअर परियोजना मुख्यालय का दौरा किया

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ), एनएचपीसी ने श्री नरेंद्र कुमार, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी दिबांग बहुउद्देश्यीय परियोजना के साथ 18 दिसंबर 2025 को अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट स्थित एनएचपीसी सियांग लोअर परियोजना मुख्यालय का दौरा किया।



दौरे के दौरान सियांग लोअर परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा ने परियोजना में प्रगति पर चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में परियोजना से संबंधित रणनीतिक संचार पहलों तथा जनसंपर्क गतिविधियों की प्रगति पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर निदेशक (परियोजनाएँ), एनएचपीसी ने सियांग लोअर परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें परियोजना के समयबद्ध, प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्ण समर्पण, प्रतिबद्धता एवं टीम भावना के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# एनएचपीसी की सियांग लोअर परियोजना द्वारा आदि बाने केबांग तथा सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन

एनएचपीसी की सियांग लोअर परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा ने अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट स्थित एनएचपीसी कार्यालय परिसर में 04 अक्टूबर 2025 को आयोजित परामर्श बैठक के दौरान आदि बाने केबांग (आदि जनजाति की सर्वोच्च संस्था) तथा सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम (एसआईएफएफ) के प्रतिनिधियों को 'सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना' के रणनीतिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

बैठक के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तथा संबंधित अध्ययनों की तैयारी में प्रत्येक चरण पर सभी हितधारकों के साथ परामर्श किया जाएगा।




## सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना

# श्री दीपक रतन सागर, परियोजना प्रमुख, सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मेन से भेंट की

श्री दीपक रतन सागर, परियोजना प्रमुख, सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) ने 25.10.2025 को डापोरिजो में अरुणाचल प्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मेन से भेंट की। इस अवसर पर उन्हें परियोजना की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय ने परियोजना के लिए राज्य सरकार के निरंतर सहयोग को दोहराया तथा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



## विदाई

**अक्तूबर, 2025**

| नाम | पदनाम | कार्यालय |
|---|---|---|
| श्री प्रशांत आत्रेय | कार्यपालक निदेशक | निगम मुख्यालय |
| श्री अनिल कुमार | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | निगम मुख्यालय |
| श्री रमेश चंद शर्मा | वरिष्ठ प्रबंधक (सचिव) | चमेरा–I पावर स्टेशन |
| श्री देवेंद्र कुमार | महाप्रबंधक (वित्त) | तीस्ता–VI परियोजना |
| श्री अश्विनी कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री दुल्बा | हाउस कीपिंग हेल्पर स्पेशल ग्रेड | तीस्ता–V पावर स्टेशन |
| श्री राजिंदर कुमार | पर्यवेक्षक (सफाईकर्मी) ग्रेड–II | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| श्री राजिंदर कुमार | पर्यवेक्षक (रिगर) ग्रेड–III | तीस्ता–V पावर स्टेशन |
| श्री देस राज | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | बैरा स्यूल पावर स्टेशन |
| श्री नवीन चंद्र वर्मा | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | संपर्क कार्यालय, हल्द्वानी |
| श्री दिगेंद्र सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| श्री तेज बहादुर चंद | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड–III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्री सुरेश कुमार | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड–I | बैरा स्यूल पावर स्टेशन |
| श्री सुमन कुमार जायसवाल | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | तीस्ता लो डैम–III पावर स्टेशन |
| श्री प्रीतम चंद | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | चमेरा–I पावर स्टेशन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री वीरेन्द्र सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | सुबनसिरी लोअर परियोजना |
| श्री प्रेम सिंह | पर्यवेक्षक (कूक) ग्रेड–II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| श्री गुलाम मोहम्मद मलिक | बेलदार स्पेशल ग्रेड | उडी–II पावर स्टेशन |
| श्री भारत भूषण कल्याण | उप महाप्रबंधक (विधि) | सलाल पावर स्टेशन |
| श्री संजय कुमार श्रीवास्तव | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–III | क्षेत्रीय कार्यालय,सिलीगुड़ी |
| श्रीमती ममता तमांग | परिचर ग्रेड–I | तीस्ता–V पावर स्टेशन |

## नवंबर, 2025

| नाम | पदनाम | कार्यालय |
|---|---|---|
| श्री राज कुमार यादव | उप महाप्रबंधक (वित्त) | निगम मुख्यालय |
| श्री नारायणन सी एम पी | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | निगम मुख्यालय |
| श्री जगदीश चंद | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड–III | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री राजेंद्र कुमार पार्की | पर्यवेक्षक (वेल्डर) ग्रेड–III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्री भुवन प्रकाश | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री भारत भूषण | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| श्री दविंदर कुमार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | संपर्क कार्यालय, शिमला |
| श्री पवन सिंह राणा | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री होशियार चंद | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्रीमती अनीता गुप्ता | प्रबंधक(सचिव) | निगम मुख्यालय |
| श्रीमती अंजू मारवाह | निजी सचिव ग्रेड–I | निगम मुख्यालय |
| श्रीमती नसीम अख्तर | परिचर स्पेशल ग्रेड–I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| श्रीमती रीता भट्ट | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| श्री रामा शंकर यादव | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड–III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्रीमती बलविंदर कौर | हाउस कीपिंग हेल्पर ग्रेड–I | सेवा–प्प पावर स्टेशन |

## दिसंबर, 2025

| नाम | पदनाम | कार्यालय |
|---|---|---|
| श्री संदीप कुमार | कार्यपालक निदेशक | निगम मुख्यालय |
| श्री राजीव जैन | कार्यपालक निदेशक | एनएचडीसी–भोपाल |
| श्री विनोय शंकर | उपमहाप्रबंधक (अनुसंधान) | सुबनसिरी लोअर परियोजना |
| श्री प्रदीप पाराशर | वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ |
| श्री त्रिलोचन बेहरा | उप महाप्रबंधक (वित्त) | रंगीत–IV परियोजना |
| श्री अनिल कुमार सहगल | वरिष्ठ प्रबंधक (सचिव) | रतले एचपीसीएल |
| श्री मोहम्मद असलम | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड–I | सीवीपीपीएल–पाकलदुल परियोजना |
| श्रीमती निर्मला देवी | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–III | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री नाथू राम | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| श्री रणबीर सिंह | पर्यवेक्षक (क्रेन ऑपरेटर) ग्रेड–I | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्री कुंज लाल | पर्यवेक्षक (टायर रिपेयरर) ग्रेड– III | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| श्री गोपाल चंद | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड–III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्री राजेंद्र सिंह गुरुंग | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड–I | टनकपुर पावर स्टेशन |
| श्री सुभाष चंद | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–I | चमेरा–प्पपावर स्टेशन |
| श्रीमती नीलम वर्मा | वरिष्ठ प्रबंधक (सचिव) | निगम मुख्यालय |
| श्री चिंत राम | पर्यवेक्षक (एचईएम ऑपरेटर) ग्रेड–II | बैरा सिउल पावर स्टेशन |
| श्रीमती आशा देवी | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–I | चमेरा–II पावर स्टेशन |
| श्री आजाद हुसैन | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड–III | संपर्क कार्यालय, कलकत्ता |

# क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाईयों में आयोजित संविधान दिवस की झलकियाँ





















INDIAN CONSTITUTION DAY
26th NOVEMBER


NHPC Limited


दिवस
(2000 मेगावाट)














संविधान दिवस


Constitution




संविधान दिवस
26 नवम्बर, 2025




एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

**पंजीकृत कार्यालय :** एनएचपीसी लिमिटेड, एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद -121003
CIN: L40101HR1975GOI032564, वेबसाइट: www.nhpcindia.com

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @NHPCLimited1 NHPC Limited